नई दिल्ली
सोमवार, 22 सितंबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 159
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 32
न्यून. 23

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
नवरात्र की मंगलकामनाएं
haribhoomi.com






| पुराना एक्स-शोरूम | GST बेनिफिट्स | नया एक्स-शोरूम |
|---|---|---|
| ₹80 166* से शुरू | ₹6 264 | ₹73 902* से शुरू |

डाउन पेमेंट ₹1999^ से शुरू

प्रतिदिन की EMI ₹69^ से शुरू

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs

5 crore+ HAPPY CUSTOMERS

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife जीतने का मौका 100% कैशबैक | सोने का सिक्का और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#

Also available on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. I CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Delhi.

TOLL FREE 1800 266 0018

**Authorised Dealers:** South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero, 9289923175, Pashupati Hero Adchini (Main Mehrauli Road), 9289922381, Singla Hero Pul Prahladpur Badarpur, 9289922771, Okhla Phase II: ARC Hero, 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero, 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero, 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero, 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero, 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero, 9289923185, Rithala (Rohini): Metro Hero, 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero, 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero, 9289922382, Upper India Hero, 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero, 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero, 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Tilak Nagar: Khanna Hero, 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero, 9289924309, Nawada: Khanna Hero, 9289924310. Ghaziabad: Globe Hero, Meerut, Delhi Road, 9289922073, Aman Hero, Shiv Puri, Vijay Nagar, 9289232123, Sahibabad: Sahib Hero, 9289922486, Noida: Dhansri Hero, H,206A, Sector 63, 9289923044, Uppal Hero (B 124, Sector, 5), 9289922462, Singla Hero (C,70, Sector,58), 9289923059, BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road, 9289922504, Krishna Hero, RajeBabu Road, 9289922410, Hapur: Globe Hero, 9289923209, Gurugram: Globe Agencies, Sec–18, Noble Enclave, 9289233915, Himgiri Hero, 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11, 9289923221, Autoneeds Hero, 9289922051, Jasodha Hero, 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad), 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road), 9289924248, Sohna: Auto Links Hero, No. 160/2 Delhi Road, 9289924089, Faridabad: Sehgal Hero, 9289922419, Sehgal Hero, NIT, 7217627327.

RS/Hero/09/25


Hero
125M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
पेश है नई
GLAMOUR X
ग्लैमर X - भारत की सबसे फ्यूचरिस्टिक 125cc
पावर्ड बाय
AERA TECH
राइड बाय वायर
3 राइड मोड्स
*सेगमेंट में पहला
पैनिक ब्रेक अलर्ट
*सेगमेंट में पहला
START
RES +
SET -
क्रूज़ कंट्रोल
*सेगमेंट में पहला
पुरानी एक्स-शोरूम कीमत ₹89,999# से शुरू
GST लाभ ₹7,032
नइ एक्स-शोरूम कीमत ₹82,967# से शुरू
डाउन पेमेंट ₹1,999^ से शुरू
प्रतिदिन की EMI ₹79^ से शुरू
₹10,000^ तक का इंस्टेंट डिस्काउंट
HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
और जानकारी के लिए स्कैन करें
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
Hero GoodLife
Stand a chance to win
100% Cashback | 24 Carat Gold Coin
and many more assured benefits^
Also available on
Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. 125M is as per the cumulative dispatch number till Aug 2025. *Based on the data available in the public forum for products in 125cc Motorcycle segment. AERA Tech is Advanced Electronic Ride Assist Technology. ^Finance offer is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Delhi.
टोल फ्री नंबर
1800 266 0018
Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Pashupati Hero Adchini (Main Mehrauli Road)- 9289922381, Singla Hero Pul Prahladpur Badarpur- 9289922771, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero- 9289922530, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310. Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road- 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63 - 9289923044, Uppal Hero (B 124, Sector-5)- 9289922462, Singla Hero (C-70, Sector-58)- 9289923059; BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road- 9289922504, Krishna Hero, RajeBabu Road- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209, Gurugram: Globe Agencies, Sec–18, Noble Enclave- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad)- 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road)- 9289924248; Sohna: Auto Links Hero, No. 160/2 Delhi Road- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT- 7217627327.
FCB INTERFACE /8486/SEP25/HIN

नई दिल्ली
सोमवार, 22 सितंबर 2025
अशिवन मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 159
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 23

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

नवरात्र की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com

# नवरात्रि के पहले दिन से घट जाएंगे 375 वस्तुओं के दाम

सरकार ने संशोधित जीएसटी दरों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराने और उनके निवारण के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के इनग्राम पोर्टल पर एक समर्पित श्रेणी बनाई है। इसमें ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, ई-कॉमर्स, एफएमसीजी और अन्य उप-श्रेणियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नई जीएसटी दरें 22 सितंबर से देशभर में लागू हो रही हैं, जिससे रसोई का सामान, दवाइयां, इलेक्ट्रॉनिक्स और वाहन सस्ते हो जाएंगे। सरकार ने उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए घी, पनीर, आइसक्रीम, टीवी, एसी जैसी चीजों पर कर घटा दिया है।

कार, टू-व्हीलर और दवाओं के साथ-साथ सौंदर्य और स्वास्थ्य सेवाएं भी अब पहले से सस्ती मिलेंगी। जीएसटी की नई दरों के लागू के बाद रसोई के जरूरी सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयों और उपकरणों से लेकर ऑटोमोबाइल तक लगभग 375 वस्तुओं की कीमतें कम हो जाएंगी। इसे फैसले के लागू होने के बाद घी, पनीर, मक्खन, नमकीन, कैचप, जैम, सूखे मेवे, कॉफी और आइसक्रीम जैसी आम उपभोग की वस्तुएं और टीवी, एसी, वॉशिंग मशीन जैसी जरूरी वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी।



आज से लागू होंगी जीएसटी की नई दरें

### कार और टू-व्हीलर की कीमतों में होगी कमी

*नवरात्रि के पहले दिन यानी सोमवार से देशभर में कार और टू-व्हीलर खरीदारों सस्ती होने वाली हैं। अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनियां मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और हुंडई मोटर इंडिया ने अपने वाहनों की कीमतों में कटौती का एलान किया है। इसी तरह लग्जरी कार निर्माता मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू के साथ-साथ टू-व्हीलर कंपनियां भी कीमतें घटा रही हैं। यह बदलाव 22 सितंबर से लागू होने वाली नई जीएसटी दरों के कारण हो रहा है। वोल्टास, डाइकिन, हायर गोदरेज और पैनासोनिक जैसी इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों ने भी एयरकंडीशनर एवं डिशवॉशर की कीमतों में न्यूनतम 1,610 से 8,000 रुपए तक कटौती की है।*

### दवाओं से लेकर घर बनाने वाले सामान तक सस्ते

*विभिन्न एफएमसीजी कंपनियों ने जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने के लिए कीमतें कम करने का एलान पहले ही कर दिया है। अधिकतर दवाओं और फॉर्मूले व ग्लूकोमीटर और डायग्नोस्टिक किट जैसे चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत कर दिए जाने से आम आदमी के लिए दवाओं की कीमतें कम हो जाएंगी। इसके अलावा, घर बनाने वालों को भी लाभ होगा क्योंकि सीमेंट पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार ने पहले ही दवा की दुकानों को निर्देश दिया है कि वे जीएसटी कटौती के लाभों को ध्यान में रखते हुए अपनी अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) संशोधित करें या कम दरों पर दवाइयां बेचें।*

### ये सेवाएं भी होंगी सस्ती

*सेवाओं की बात करें तो सौंदर्य और शारीरिक स्वास्थ्य सेवाओं जिनमें हेल्थ क्लब, सैलून, नाई, फिटनेस सेंटर, योग आदि सेवाओं पर जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) 18 प्रतिशत से घटाकर बिना टैक्स क्रेडिट के पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा, हेयर ऑयल, टॉयलेट सोप बार, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट जैसे दैनिक उपयोग के उत्पाद भी सस्ते होने की संभावना है, क्योंकि इन पर कर वर्तमान 12/18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। टैल्कम पाउडर, फेस पाउडर, शेविंग क्रीम, आफ्टर-शेव लोशन जैसी अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में भी कमी देखने को मिलेगी। इन उत्पादों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत हो गया है।*

---

## पीएम मोदी ने राष्ट्र को संबोधित कर दिया बड़े आर्थिक सुधारों का पैगाम

# आज से जीएसटी बचत उत्सव का किया ऐलान, गरीब और मध्यम वर्ग को लाभ



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़े सुधारों की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सुधारों से गरीब और मध्यम वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा और देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में और मजबूती से आगे बढ़ेगा। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 22 सितम्बर से जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत होगी। इसके तहत कर प्रणाली को सरल बनाते हुए वस्तुओं और सेवाओं को मुख्यतः दो टैक्स स्लैब- 5 और 18 प्रतिशत- में रखा जाएगा। जिन वस्तुओं पर टैक्स अधिक था, उन्हें कम स्लैब में लाया गया है, जबकि आवश्यक वस्तुओं और दवाओं जैसी चीजों को टैक्समुक्त या न्यूनतम दर पर रखा गया है। प्रधानमंत्री ने ⏩ शेष पेज 5 पर



### पीएम मोदी के 19 मिनट के राष्ट्र को संबोधन में ये 5 रहे मूलमंत्र

- जीएसटी में दो स्लैब- 5 और 18 फीसदी
- दवाइयाँ व ज़रूरी वस्तुएँ सस्ती- कई को टैक्समुक्त श्रेणी में रखा गया
- 12 लाख तक आय टैक्स फ्री- मध्यम वर्ग को राहत
- छोटे , मंझोले उद्योगों को फायदा- उत्पादन और रोज़गार को बढ़ावा
- स्वदेशी पर ज़ोर-गर्व से कहो, मैं स्वदेशी खरीदता हूँ

## नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली
## पीएम मोदी पर बरसे खरगे

## कांग्रेस अध्यक्ष ने जीएसटी सुधारों को चुनावी जुमला बताया, सरकार पर लगाया जनता से भारी वसूली का आरोप

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीएसटी सुधार संबंधी राष्ट्र के नाम संबोधन पर कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। खरगे ने इसे जनता को गुमराह करने वाला कदम बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 8 वर्षों में जीएसटी के नाम पर आम लोगों पर भारी बोझ डाला है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा, "नौ सौ चूहे खाकर, बिल्ली हज को चली। मोदी जी की सरकार ने कांग्रेस के सरल और कुशल जीएसटी के बजाय, अलग-अलग 9 स्लैब लागू किए और जनता पर 'गब्बर सिंह टैक्स' थोपा।" सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कांग्रेस ⏩ शेष पेज 5 पर

### सरकार का दावा

- जीएसटी को सरल बनाकर अब केवल 2 स्लैब (5 और 18 फीसदी) रहेंगे।
- दवाइयाँ, बीमा और ज़रूरी वस्तुएँ सस्ती होंगी।
- 12 लाख तक आय टैक्स मुक्त, मध्यम वर्ग को बड़ा लाभ।
- छोटे मंझोले उद्योग और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।
- गर्व से कहो, मैं स्वदेशी खरीदता हूँ।

### कांग्रेस का आरोप

- मोदी सरकार ने 9 स्लैब बनाकर जीएसटी को जटिल बनाया।
- दाल, चावल, किताबें, इलाज और ट्रैक्टर तक पर टैक्स लगाया गया।
- 55 लाख करोड़ वसूले, अब केवल 2.5 लाख करोड़ की राहत दिखावा है।
- यह सब चुनावी जुमले हैं, असली राहत जनता को नहीं मिलेगी।
- जनता से माफ़ी माँगे सरकार, जिन्होंने सालों तक बोझ डाला।

---

## एच-1बी वीजा मामले में खड़गे के बयान पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू का पलटवार

# केंद्रीय मंत्री ने पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल के बयान का हवाला देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष को दी नसीहत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस आरोप पर तीखी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने एच-1बी वीजा पर अमेरिकी सख्ती के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार ठहराया था। पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल के बयानों का हवाला देते हुए रिजिजू ने कहा कि राजनीति के लिए पर्याप्त समय और स्थान है, लेकिन जब बात राष्ट्रीय हितों की आती है, तो सभी को मिलकर भारत के लिए बोलना चाहिए। गौरतलब है कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने एच-1बी वीजा पर ट्रंप प्रशासन के कड़े रुख का जिक्र करते हुए कहा था कि पीएम मोदी को ट्रंप से जन्मदिन के फोन कॉल के बाद 'उपहार' के रूप में यह मिला है। उन्होंने मोदी और ट्रंप की 'पुरानी दोस्ती' पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'गले मिलना' और 'खोखले नारे' विदेश नीति नहीं होते। खड़गे के अनुसार, विदेश नीति का मतलब राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना और समझदारी व संतुलन के साथ दोस्ती निभाना है। कांग्रेस अध्यक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि विदेशी धमकियों के खिलाफ एकजुट होने के बजाय, पीएम मोदी को दोष देना भारत के प्रतिरोध को कमजोर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप अपने सहयोगियों सहित सभी के साथ घिनौना व्यवहार कर रहे हैं। सिब्बल ने सवाल उठाया, 'क्या विपक्ष अमेरिका द्वारा हमारी विदेश नीति के विकल्पों पर निर्देशित होने से इनकार कर रहा है?' उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान की तरह ट्रंप की सद्भावना हासिल करने के लिए व्यापारिक सौदे नहीं किए। सिब्बल ने आगे कहा कि अगर ट्रंप अपने समर्थकों को खुश करने के लिए अमेरिका की उपलब्धियों को रद्द करना चाहते हैं, तो यह सिर्फ भारत की समस्या नहीं है। उन्होंने विपक्ष से कहा कि घरेलू राजनीति के लिए एक गंभीर बाहरी चुनौती का फायदा उठाने की कोशिश करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा, 'विदेशी दबाव के खिलाफ आंतरिक एकजुटता, उपहास के बजाय, राष्ट्रीय स्तर पर मददगार होगी।' किरेन रिजिजू ने सिब्बल की पोस्ट को साझा करते हुए उन्हें एक 'अत्यधिक बौद्धिक और विद्वान राजनयिक' बताया, जिनके विचार तीखे और प्रासंगिक होते हैं। रिजिजू ने कहा कि वह सिब्बल के दर्द को समझ सकते हैं, जिसने उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष को ऐसी 'बेहतरीन सलाह' देने के लिए मजबूर किया।

## 4 घंटे 23 मिनट तक चला ग्रहण, भारत में नहीं दिखा



**नई दिल्ली।** साल 2025 का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण रविवार रात 11 बजे से शुरू हुआ। इसका समापन देर रात 3 बजकर 23 मिनट पर हुआ। सूर्य ग्रहण की कुल अवधि लगभग 4 घंटे 23 मिनट रही। ग्रहण का सबसे प्रमुख समय या पीक टाइमिंग रात 1 बजकर 11 मिनट पर रही। ज्योतिषियों के अनुसार, यह सूर्य ग्रहण भारत से प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा। लेकिन दुनिया के अन्य हिस्सों में यह स्पष्ट रूप से नजर आया। विशेष रूप से यह ग्रहण ऑस्ट्रेलिया के सिडनी, होबार्ट, न्यूजीलैंड के ऑकलैंड और वेलिंग्टन, नॉरफॉक द्वीप के किंग्स्टन, क्राइस्टचर्च, फिजी और आस-पास के द्वीपों में दिखाई दिया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य ग्रहण को शुभ नहीं माना जाता। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि यह आंशिक ग्रहण ⏩ शेष पेज 5 पर

---




## हरियाणा में 4,827 करोड़ रुपये की लागत से 4,227 सड़कों का होगा उत्थान

# मुख्यमंत्री नायब ने प्रादेशिक सड़क उत्थान परियोजना का किया शुभारंभ



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को प्रदेश में सड़क बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रादेशिक सड़क उत्थान परियोजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना के तहत चालू वित्त वर्ष में 4,827 करोड़ रुपये की लागत से 9,410 किलोमीटर लंबाई की 4,227 सड़कों की मरम्मत एवं उत्थान का कार्य किया जाएगा। जिला हिसार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह दिन हरियाणा के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में एक ⏩ शेष पेज 5 पर

## जोधपुर-हिसार एक्सप्रेस रेल सेवा का विस्तार सिरसा/बठिंडा तक करने की मांग

# सांसद कुमारी सैलजा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखा पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर गाडी संख्या 14891/92 जोधपुर - हिसार एक्सप्रेस रेल सेवा का विस्तार सिरसा/बठिंडा तक करने के लिए अनुरोध किया है। इस ट्रेन से श्री सालासर धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को तो सुविधा होगी ही साथ व्यापारी वर्ग को भी लाभ होगा। सांसद कुमारी सैलजा ने पत्र में रेल मंत्री को लिखा है कि 14891/92 जोधपुर - हिसार एक्सप्रेस को यदि सिरसा/बठिंडा तक विस्तार दिया जाए तो लाखों यात्रियों को सुविधा प्राप्त होगी। सांसद ने कहा कि धार्मिक दृष्टि से यह ट्रेन सेवा काफी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि श्री सालासर बालाजी धाम जाने के लिए सिरसा, भट्टू, आदमपुर, कालांवाली, रामां और बठिंडा क्षेत्र के यात्रियों को इस रेल सेवा की अत्यंत आवश्यकता है। साथ ही सिरसा के स्थानीय लोगों को की काफी समय से सिरसा से हिसार प्रातःकालीन रेल सेवा की लंबे समय से भारी मांग रही है। इस ट्रेन के ⏩ शेष पेज 5 पर



## खबर संक्षेप



### अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़, दो अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बरेली में स्थित एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। लगभग चार करोड़ रुपये मूल्य की दो किलोग्राम स्मैक जब्त की गई। यह गिरफ्तारी और बरामदगी 15 सितंबर को आनंद विहार बस टर्मिनल से हुई बरेली निवासी अमन खान (22) की गिरफ्तारी के बाद संभव हुई। उसके पास से 214.5 ग्राम स्मैक बरामद हुई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी अमन खान से पूछताछ के दौरान पता चला कि उसकी दिल्ली यात्रा की व्यवस्था बरेली के निवासी उवैस (20) ने की थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने 18 सितंबर को बरेली में स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की और उवैस को गुगई गांव में स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। उवैस की निशानदेही पर 1.76 किलोग्राम स्मैक, 10.30 लाख रुपये नकदी, 435 ग्राम सोना और 550 ग्राम चांदी बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उवैस का लंबा चौड़ा आपराधिक रिकॉर्ड है। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ 2022 में हरिद्वार के श्यामपुर थाने में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। गिरोह के अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### हत्या के प्रयास मामले में वांछित व्यक्ति गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में हत्या के प्रयास केस में वांछित 32 वर्षीय आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान नजफगढ़ के मित्रांऊ गांव निवासी राजेश गहलोत के रूप में हुई है। इसे शनिवार रात द्वारका क्षेत्र में छापेमारी के दौरान पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार गहलोत छावला थाने का बीसी है। आरोपी ने हत्या के प्रयास में गोली चलाई थी और उसके बाद से वह फरार था। इसके पास से घटना में इस्तेमाल पिस्तौल और दो कारतूस भी बरामद हुये।

### नकली जूते बनाने और भंडारण में शामिल शख्स पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने लोकप्रिय ब्रांड के नकली जूते बनाने और उनका भंडारण करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जूते बनाने वाली कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा दी गई शिकायत के बाद की गई। दरअसल 17 सितंबर को इस संबंध में शिकायत मिली थी। कंपनी ने आरोप लगाया था कि कुछ लोग उनकी कंपनी के नाम से मिलते-जुलते ट्रेडमार्क वाले सामानों के अवैध उत्पादन और बिक्री में लगे हुए हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुर माजरा में छापेमारी की और भारी मात्रा में नकली सामग्री बरामद की। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान पीरागढ़ी निवासी 48 वर्षीय मोहम्मद कल्लू के रूप में हुई है।

### बड़ा गैंगवार टला, अवैध हथियार भी बरामद

# सनी साई गैंग के दो कुख्यात बदमाश दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपराध शाखा ने सनी साई गैंग के मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुये दो बदमाशों सुखप्रीत उर्फ माफिया (27) निवासी विकास विहार, चंदर विहार, दिल्ली और शमशाद अली उर्फ पहलवान (25) निवासी ख्याला गांव, दिल्ली को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अवैध हथियार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि इस गिरफ्तारी से राजधानी में एक बड़ा गैंगवार टल गया है।

पुलिस के अनुसार राजधानी में संगठित गिरोहों के खिलाफ अपनी कड़ी कार्रवाई के तहत अपराध शाखा की एजीएस टीम ने यह कार्रवाई की है। 19/20 सितंबर की मध्यरात्रि विश्वसनीय सूचना के आधार पर रघुबीर नगर इलाके से सनी साई गिरोह के दो कुख्यात



बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई के दौरान शमशाद अली के पास से एक अत्याधुनिक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। सुखप्रीत के पास से एक भरी हुई सिंगल-शॉट पिस्तौल बरामद हुई। दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं और हत्या, डकैती, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन सहित कई जघन्य मामलों में पहले भी शामिल रहे हैं। ये लगभग दो महीने पहले जेल से रिहा हुए थे और शहर में गैंगवार की योजना बना रहे थे। समय पर हुई इनकी गिरफ्तारी से एक बड़े गैंगवार को सफलतापूर्वक टाला जा सका है। सनी साई गिरोह का हत्या, डकैती और अवैध सट्टेबाजी संचालकों से जबरन वसूली जैसे अपराधों में शामिल होने का इतिहास रहा है। इस गिरोह की सलाम त्यागी गिरोह और सद्दाम गौरी गिरोह के साथ लगातार प्रतिद्वंद्विता रही है। गिरोह का सरगना सनी साई वर्तमान में उत्तर प्रदेश की मेरठ जेल में बंद है। 2023 में मियांवाली नगर थाना क्षेत्र में अली ने अपने साथियों करण उर्फ साई, नवनीत अरोड़ा, धीरज, सोनू पंजाबन और अंकित उर्फ आरडीएक्स के साथ मिलकर एक स्कूटर सवार से 38 सोने के बिस्कुट लूटे थे। बाद में इस मामले में सभी को गिरफ्तार कर लिया गया था और लूटी गई संपत्ति भी बरामद हो गई थी। इस मामले में वह लगभग 45 दिनों तक जेल में रहा था। कैद के दौरान वह सह आरोपी सुखप्रीत उर्फ माफिया के संपर्क में आया था। रिहाई के बाद इसने ख्याला में एक शराब की दुकान पर काम करना शुरू किया था।

# फर्जी क्रेडिट कार्ड स्कैम चलाने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आउटर नॉर्थ जिले की साइबर अपराध पुलिस ने एक फर्जी क्रेडिट कार्ड स्कैम में शामिल धोखेबाज को गिरफ्तार किया है। इसने शिकायतकर्ता से लगभग एक लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया था। गिरफ्तार किये गये शख्स का नाम पानीपत हरियाणा निवासी अमित है। वह पहले भी इसी प्रकार के कई मामलों में शामिल रहा है।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार 10 अक्टूबर 2024 को शिकायतकर्ता को अज्ञात मोबाइल से एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने झूठा दावा किया कि शिकायतकर्ता के नाम पर आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड जारी किया गया है और उसे एक्टिवेट करना होगा। शुरुआत में शिकायतकर्ता ने दावे से इनकार किया। बाद में आईसीआईसीआई मोबाइल एप्लिकेशन की जांच करने पर उसे पता चला कि वास्तव में एक क्रेडिट कार्ड जारी किया गया था। कॉल करने वाले के निर्देशों का पालन करते हुए उसने एक ओटीपी बताया, जिसके बाद उसका मोबाइल फोन हैक हो गया और उसके खाते से एक लाख की राशि



■ आउटर नॉर्थ साइबर पुलिस की कार्रवाई

डेबिट कर ली गई। जांच के दौरान धन के लेन-देन के विश्लेषण से पता चला कि ठगी की गई राशि शुरू में 14 अक्टूबर 2024 को पीजी सेटलमेंट के माध्यम से हबीफ सैफ के खाते में जमा की गई थी और उसके बाद तीन लेनदेन 99,900 में अमित निवासी पानीपत, हरियाणा के नाम पर बैंक ऑफ इंडिया के खाते में स्थानांतरित कर दी गई थी। पूरी टीम के प्रयास से अमित को 19 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी और उसके साथी धोखाधड़ी से नकली क्रेडिट कार्ड बनाकर बेचते थे। बैंक प्रतिनिधि बनकर वे आम नागरिकों से संपर्क करते थे और उन्हें नए जारी किए गए क्रेडिट कार्डों के बारे में बताते थे। एक्टिवेशन के नाम पर पीड़ितों को वन टाइम पासवर्ड साझा करने के लिए बहकाया जाता था। इन ओटीपी का इस्तेमाल करके आरोपी बैंक खातों तक अनधिकृत पहुंच प्राप्त कर लेते थे और पेमेंट गेटवे और म्यूल खातों के जरिए पैसे निकाल लेते थे। आगे की जांच के दौरान आरोपी से जुड़ी इसी तरह की तीन और शिकायतें मिली हैं।

### कांग्रेस ने उठाए एमएलए ऑन व्हील योजना पर सवाल, प्रदेश अध्यक्ष यादव ने बताया नया शिगूफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार की एमएलए ऑन व्हील्स योजना पर सवाल उठाते हुए इसे सीएम रेखा गुप्ता का एक नया शिगूफा बताया है। यादव ने रेखा गुप्ता के अब तक कार्यकाल का पुरी तरह विफल बताते हुए कहा कि गत सात महीनों में जनता से जुड़े मुद्दों का हल निकालने में विफल रहने वाली भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा अब एक नया शगूफा एमएलए ऑन व्हील्स के सहारे जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि एमएलए ऑन व्हील्स कार्यक्रम को जनकपुरी में मंत्री आशीष सूद के निर्वाचन क्षेत्र से लॉन्च किया गया, जहां के लोग पिछले कई महीनों से दूषित पेयजल के मुद्दे से जूझ रहे हैं। इतना ही जनक पुरी के ए-1 ब्लॉक में दूषित पेयजल पर खुद नेशन ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) ने भी चिंता जताई है। यादव ने कहा कि पिछले 7 महीनों से प्रतिदिन नया जुमला छोड़ कर दिल्ली की जनता मानसिक रुप से भ्रमित करने का काम रेखा सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता के घर तक पहुंचने का शिगूफाकोई नया नही है। पूर्व मुख्यमंत्री व आप पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल ने भी अपने पूरे भ्रष्ट कार्यकाल में घर-घर तक पहुंचाने की नई-नई घोषणाएं करके केवल भ्रमित ही किया काग्र नहीं। जिसका परिणाम जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा कर दिया। यादव ने कहा कि सेवा पखवाड़े की दुहाई देने वाली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बताएं कि मोबाईल विधायक कार्यालय के द्वारा महिलाओं और बुर्जुगों को किस तरह से राहत मिलेगी, क्योंकि महिलाओं को 2500 रुपये मासिक की कोई योजना नही है और वृद्धों को पेंशन मिलने में विलंब हो रहा है।

# दो गुटों में हिंसक झड़प, एक शख्स की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाना इलाके में शनिवार रात दो गुटों की झड़प ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान एक शख्स की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। एक अन्य शख्स गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुये एक नाबालिग 16 वर्षीय आरोपी को पकड़ा है। अन्य की तलाश में छापेमारी जारी है।

पुलिस के अनुसार रात लगभग 9 बजे, ढोलक वाली मस्जिद, जेजे कॉलोनी, बवाना के पास ई-ब्लॉक में दो समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई। इनके बीच पहले से ही किसी बात को लेकर विवाद था। झगड़े के दौरान मोहम्मद राजा उर्फ बादशाह (27) पुत्र मिंटू शेख निवासी ए-1132, जेजे कॉलोनी, बवाना के सिर और



कमर पर चाकू के कई वार किये गये। उसे महर्षि बाल्मीकि अस्पताल, पूठ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक अन्य घायल मोहम्मद अकबर (23) पुत्र मोहम्मद अख्तियार निवासी ई-1272, जेजे कॉलोनी, बवाना झगड़े के दौरान चोटें आई और उसे भी बाल्मीकि अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। साक्ष्य एकत्र करने के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बीजेआरएम अस्पताल में सुरक्षित रखवाया गया। घायल अकबर के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान इस मामले में कई आरोपियों की पहचान की गई है। घटना के क्रम और प्रत्येक आरोपी की सटीक भूमिका जानने के लिए आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बवाना निवासी ही 16 वर्षीय एक आरोपी को पकड़ा गया है। कई टीमें सक्रिय रूप से फरार आरोपियों की तलाश कर रही हैं।

### यातायात जाम को लेकर लोगों ने निकाली पदयात्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बादली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भलस्वा डेरी इलाके के पास जाम हटाओ, जान बचाओ आंदोलन चलाया गया। यह आंदोलन भाईजी फाउंडेशन के तत्वाधान में चलाया गया। इस मौके पर फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि भलस्वा डेरी के पास गुर्जर चौक व विजय चौक के पास हमेशा ही भयंकर जाम लग जाता है। जिससे यहां के आस-पास रहने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही बताया गया कि एनएच 44 स्थित लिबासपुर से मुकरबा चौक की तरफ भी यातायात जाम की समस्या देखी गई है और इस समस्या के समाधान को लेकर आज जाम हटाओ, जान बचाओ आंदोलन चलाया गया है।

# अमर कॉलोनी में लूटपाट का विरोध करने पर चाकू मारा, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अमर कॉलोनी इलाके में शनिवार देर रात एक राहगीर को लूटपाट का विरोध करने पर चाकू मार दिया गया। शोर मचाने पर बचाव में आये दो अन्य लोग भी चाकू लगने से घायल हुये हैं। सभी को एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने दो बदमाशों को मौके पर ही दबोच लिया।

पुलिस के अनुसार रात करीब 10:15 बजे स्थानीय थाने में एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें कॉलर ने कहा कि कुछ लोग लूटपाट करने आए थे चाकू मार दिया है, दो को पकड़ रखा है। थाना प्रभारी केस के जांच अधिकारी और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ करने पर पता चला कि दो पीड़ित निजी वाहन से ट्रॉमा सेंटर गए है। एक पीड़ित को पीसीआर द्वारा अस्पताल ले जाया गया। पूछताछ में पता चला कि शिकायतकर्ता मिट्ठू गढ़ी गांव स्थित अपने घर लौट रहा था। शीतला माता मंदिर के पास उसे एक व्यक्ति ने पीछे से धक्का दिया और बाद में चार लोगों के एक समूह ने उसे घेर लिया। उस पर हमला कर मोबाइल फोन लूट लिया। उसके मदद के लिए चिल्लाने पर स्थानीय लोगों



ने हस्तक्षेप किया। इस दौरान हुई झड़प में एक आरोपी ने चाकू लहराया और हमला कर दिया, जिससे मिट्ठू, भविष्य उर्फ नकुल और तक्ष घायल हो गए। लोगों ने दो आरोपियों आकाश और नाबालिग को सफलतापूर्वक काबू कर लिया, जबकि अन्य दो भाग गए। भविष्य एलएलबी प्रथम वर्ष का छात्र है। उसकी जांघ पर एक टांके वाला घाव है। तक्ष एक अभ्यासरत मुक्केबाज है। उसके नितंब पर एक गंभीर घाव आया है। मिट्ठू शिकायतकर्ता को भी चाकू से गंभीर घाव और खरोंच आई है। गिरफ्तार आरोपी आकाश उर्फ बच्चा शेरा मोहल्ला, गढ़ी गांव का रहने वाला है। 21 वर्षीय आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह चोरी के मामले में शामिल पाया गया।

### पानी के लिए दिल्ली का मिडिल क्लास आंदोलन को मजबूर : सौरभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई इलाकों में पानी की भारी किल्लत को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया। रविवार को "आप" के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर द्वारका की एक वीडिया साझा किया, जिसमें पीने के पानी की किल्लत को लेकर बड़ी संख्या में मिडल क्लास के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने भाजपा सरकार को पूरी तरह विफल बताते हुए कहा कि दिल्ली में हालात ये है कि आज कामकाजी मिडल क्लास भी पानी के लिए सड़कों पर आंदोलन करने के लिए मजबूर है। पिछले कई हफ्तों से द्वारका की सोसायटियों में पीने के पानी की भीषण समस्या है। फीस वृद्धि, पावर कट, पानी की किल्लत से लोग परेशान हैं। भाजपा की सरकार मिडल क्लास के लिए सिर दर्द बन गई है। सौरभ ने एक्स पर कहा कि आज पानी के लिए दिल्ली का मिडल क्लास सड़कों पर है। ऐसा नजारा कम ही देखा गया होगा कि दिल्ली के कामकाजी मिडल क्लास पीने के पानी के लिए सड़कों पर उतर कर आंदोलन करे, नारेबाजी करे।

# सड़कों, और सार्वजनिक जगहों पर 'स्मॉग-ईटिंग' सतहों की व्यवहार्यता का किया जाएगा अध्ययन : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पर्यावरण एवं वन मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने विभाग को 'स्मॉगईटिंग' फोटोकैटालिटिक कोटिंग्स पर केंद्रित फिजिबिलिटी स्टडी करने के निर्देश दिए हैं, जिन्हें सड़कों, कंक्रीट और टाइल्स पर लगाया जा सकता है, ताकि जहां लोग रहते, चलतेफिरते और काम करते हैं, वहां $NO_2$ और हानिकारक हाइड्रोकार्बन में कमी लाई जा सके। सिरसा ने कहा कि सरकार दिल्ली सबसे बेहतर, प्रमाणित फोटोकैटालिटिक तकनीकों का मूल्यांकन करेगी, ताकि लोगों को जल्दी से जल्दी साफ हवा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली की लड़ाई हर बच्चे, हर बुजुर्ग, हर कामगार के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है इसलिए हम सरल, सुरक्षित, विज्ञानआधारित समाधान जमीन पर उतार रहे हैं, नतीजों का आकलन खुले रहे हैं और जहां दिल्ली के लोग अपनी सांस में फर्क



महसूस करें, वहां तेजी से स्केलअप कर रहे हैं। सिरसा ने बताया कि पर्यावरण विभाग यह काम चरणबद्ध और जवाबदेह तरीके से करेगा। 30 दिनों में वैज्ञानिक पार्टनर का चयन, शहर की वास्तविक सड़कों पर फील्ड ट्रायल, हर महीने प्रगति रिपोर्ट और छह महीने में अंतिम रिपोर्ट। अध्ययन सुरक्षा, स्थिरता और लागत-प्रभावशीलता पर केंद्रित होगा, साथ ही विश्वसनीय तकनीकों की मैपिंग भी होगी ताकि नतीजे अच्छे आने पर तेजी से स्केल किया जा सके। सिरसा ने कहा कि अगर अध्ययन साबित करता है कि यह 'स्मॉग-ईटिंग' सतहें असरदार और किफायती हैं, तो विभाग तुरंत कैबिनेट में इससे संबंधित प्रस्ताव रखेगा ताकि व्यस्त मार्गों, बाज़ारों और सार्वजनिक जगहों पर बड़े पैमाने पर इन्हें लगाया जा सके और लोगों को साफ हवा मिले। सिरसा ने बताया कि इनोवेटर्स चैलेंज लोगों की भागीदारी से नए समाधान खोजने का बड़ा मंच बन गया है। मंत्री ने बताया कि इनोवेटर्स चैलेंज लोगों की भागीदारी से नए समाधान खोजने का बड़ा मंच बन गया है। उन्होंने कहा पहले दिन से हमारी सरकार नवाचार को बढ़ावा दे रही है। ऐसे समाधान चाहिए जो विज्ञान पर आधारित हों, सड़कों पर परखे जाएं और फिर पूरे शहर में लागू किए जाएं। उन्होंने छात्रों, स्टार्टअप और विशेषज्ञों की बड़ी भागीदारी का जिक्र करते हुए कहा कि अपने बेहतरीन विचार लाइए—दिल्ली उनका परीक्षण करेगी, जो काम करेगा उसे फंड देगी और पूरे शहर में लागू करेगी ताकि हर परिवार आसानी से सांस ले सके।

### हरिभूमि की खबर के बाद हरकत में आए अधिकारी

# एनएच 44 : गड्ढा मरम्मत कार्य के लिए खुदाई का कार्य शुरू

दया राम ⏭ नई दिल्ली

एनएच-44 स्थित सिंघोला फ्लाईओवर पर 4 सितंबर को बारिश के दौरान बना गहरा गड्ढा अब भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है, क्योंकि 16 दिन बीतने के बाद भी यहां के यातायात हालात पहले से खराब हैं और लोगों को व्यस्त समय में घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है। एनएचएआई के एक अधिकारी के अनुसार गड्ढे के पीछे दिल्ली जल बोर्ड की बड़ी पाइप लाइन का रिसाव बताया गया, जिसके चलते फ्लाईओवर की नींव को खतरा पैदा हो गया और गड्ढा बन गया। हालांकि मौके पर सूचना देने के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने "पाइप लाइन लीक" के सूचना पट्ट भी लगाए, मगर जल्द समाधान की बजाय विभागों का एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालने का खेल शुरू हो


हरिभूमि
रोजाना बड़ी संख्या में परेशान हो रहे है चालक और यात्री
तीन विभागों की 'ना-नुकर' से एनएच-44 बना मुसीबत का रास्ता
विभागों की खींचतान से अटका मरम्मत कार्य

गया। सप्ताह भर बीतने के बाद दिल्ली जल बोर्ड, डीडीए और एनएचएआई के अधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारी से बचते हुए एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ते रहे और मरम्मत का ठोस कार्य शुरू नहीं हो सका। सप्ताह भर बीतने के बाद हरिभूमि में "तीन विभागों की ना-नुकर से एनएच 44 बना मुसीबत का रास्ता" खबर प्रकाशित होने के बाद ही संबंधित विभाग हरकत में आए और रविवार से फ्लाईओवर के नीचे खुदाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। बताया गया कि अब इस प्रभावित पाइप लाइन को दूसरी जगह स्थानांतरित करने का काम शुरू किया गया।



#### मरम्मत कार्य की गति कछुआ चाल से भी धीमी

क्षेत्र के लोगों और राहगीरों का कहना है कि इस मरम्मत कार्य की रफ्तार कछुआ चाल से भी धीमी है। यह सुस्ती यहां से बड़ी संख्या में आने जाने वाले चालकों, यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। भारी ट्रैफिक वाले इस फ्लाईओवर के आसपास से रोज़ाना हजारों वाहन गुजरते हैं, और एनएचएआई और दिल्ली पुलिस की तरफ से यातायात स्टाफ की तैनाती नहीं होने अब गलत दिशा से आवागमन के चलते कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

खबर का असर

#### जिम्मेदारी टालने का खामियाजा जनता क्यों भुगते

स्थानीय निवासियों ने दिल्ली सरकार और एनएचएआई की कार्यशैली पर सवाल उठाया है कि जब समस्या का कारण साफ था, तो 15 दिन तक कार्रवाई क्यों टाली गई? तीन बड़े सरकारी विभागों की आपसी जिम्मेदारी टालने की नीति का खामियाज़ा आखिर जनता क्यों भुगते? लोगों का कहना है कि इस गड्ढे के कारण की जड़ से जांच की जाए।

# शारदीय नवरात्रि की पूर्व संध्या पर बाजारों में भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शारदीय नवरात्रि के शुरुआत की पूर्व संध्या पर रविवार को बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार को प्रथम नवरात्रि के दिन घट स्थापना के लिए महिलाएं बाजार में माता के श्रृंगार से जुड़ी सामग्री खरीदने में व्यस्त नजर आई। बाजार में चुन्नी, पूजा पाठ का सामान, फल विक्रेता, माता की मूर्ति, पोस्टर व फोटो आदि के विक्रेताओं की दुकानों पर देर रात तक भीड़ लगी रही। नवरात्रि से दीपावली तक अब त्योहारों का सीजन भी शुरू हो गया है। क्योंकि अभी तक लगातार 16 दिन पितृपक्ष के चलते लोग खरीदारी आदि से बचते है। अब छोटे बड़े बाजारों में खरीदारों की चहल पहल से रौनक लौट आई जिससे दुकानदारों के चेहरे भी खिल उठे है। वहीं दूसरी तरफ मंदिरों में चल रही तैयारियां भी लगभग पूरी हो चुकी है। अधिकांश



■ लोगों ने पूजा पाठ से जुड़ी सामग्री खरीदी

■ रामलीलाओं की हुई शुरुआत

मंदिर प्रबंधकों का दावा है कि सुरक्षा से लेकर सुविधा तक सभी प्रबंध कर लिए गए है। जबकि छोटे बड़े दुर्गा पूजा पंडालों के आयोजकों ने भी कहा कि तैयारियां लगभग पूरी है। इसके इतर कई जगह रविवार को ही रामलीलाओं प्रबंधकों ने मंचन आरंभ करते हुए श्रीगणेश कर दिया। जबकि कई जगह प्रथम नवरात्रि से लीला का मंचन शुरू किया जाएगा। एक तरह से देखा जाए तो सोमवार से पूरी दिल्ली एक बार फिर भक्तिमय रंग में रंगी नजर आएगी।

### व्यापारियों के साथ 'जीएसटी बचत उत्सव' मनाएंगी सीएम

# जीएसटी पर प्रधानमंत्री की घोषणा से दिल्ली के विकास को मिलेगी नई दिशा : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीएसटी सुधारों पर की गई घोषणाओं का स्वागत और आभार व्यक्त किया है और कहा है कि प्रधानमंत्री ने कर प्रणाली को सरल और जन-हितैषी बनाने का जो कदम उठाया है, वह अत्यंत सराहनीय है। इस निर्णय से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि दिल्ली के लोगों को भी महंगाई से राहत और विकास को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री आज दोपहर त्रिनगर स्थित तोताराम बाजार में व्यापारियों व दुकानदारों के साथ मिलकर 'जीएसटी बचत उत्सव' में शामिल होंगी। मुख्यमंत्री के अनुसार सबका मानना है कि इस बार तो दिवाली बहुत जल्द आ गई है। पूरी दिल्ली में खरीदारी को लेकर उत्सव जैसा वातावरण नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि प्रधानमंत्री के संबोधन में आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान को गति देने का आह्वान अत्यंत प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के इस आह्वान का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के प्रति बेहद गंभीर है और लगातार ठोस कदम उठा रही है।

प्रधानमंत्री की घोषणा पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया और इसे देशहित में लिया गया साहसिक तथा दूरदर्शी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि नए जीएसटी ढांचे के अंतर्गत दवाइयां, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और आवश्यक सेवाएं अब कम दर पर उपलब्ध होंगी। इससे आम आदमी और मध्यवर्गीय परिवारों को राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली एक बड़ा उपभोक्ता और व्यापारिक केंद्र है। यहां छोटे व्यापारी, थोक बाजार और स्टार्टअप इकॉनमी इस सुधार से प्रत्यक्ष लाभान्वित होंगे। जब उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती होंगी तो खपत बढ़ेगी और स्थानीय बाजारों को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कर ढांचे की सरलता से निवेश को बढ़ावा मिलेगा। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होंगे, जिससे दिल्ली की युवा पीढ़ी को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता का यह भी कहना है कि दिल्ली सरकार पूरी तत्परता के साथ यह सुनिश्चित करेगी कि कर में हुई कमी का सीधा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे। इसके लिए बाजारों की निगरानी की जाएगी और जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जीएसटी को लेकर प्रधानमंत्री की घोषणा का असर पूरी दिल्ली में दिखाई दे रहा है। आमजन इससे बेहद संतुष्ट हैं, राजधानी का कारोबारी व दुकानदार भी बेहद खुश दिख रहा है। सबका मानना है कि इस बार तो दिवाली बहुत जल्द आ गई है।

### पीएम का स्वदेशी अभियान को गति देने का आह्वान प्रेरणादायी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र के नाम संबोधन में आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान को गति देने का आह्वान अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने जिस दृढ़ संकल्प के साथ राज्यों को मैन्युफैक्चरिंग और निवेश के माहौल को बढ़ावा देने का आग्रह किया है, वह वास्तव में भारत के विकास की नई राह तय करेगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के इस आह्वान का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के प्रति बेहद गंभीर है और लगातार ठोस कदम उठा रही है। दिल्ली में उद्योगों और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने, ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस को सुदृढ़ बनाने और निवेश आकर्षित करने के लिए व्यापक नीतियां लागू की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार विशेष रूप से ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग, आईटी सेक्टर और लघु उद्योगों को बढ़ावा दे रही है। इसके साथ ही बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण, बिजली-पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता और पारदर्शी प्रशासन पर जोर दिया जा रहा है।

# महापंचायत ने टोल मामले में सरकार को दिया दो दिन का समय, चक्का जाम टाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- बक्करवाला गांव में हुई महापंचायत में भारी तादाद में जुटे ग्रामीण
- सोलंकी के नेतृत्व में केंद्रीय राज्य मंत्री मल्होत्रा और सांसदों से मिलेगा ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल
- ग्रामीणों ने फिर कहा टोल टैक्स किसी सूरत में मंजूर नहीं, किसी भी संघर्ष को तैयार

दिल्ली देहात के गांववासियों ने मुंडका-बक्करवाला टोल हटाने के लिए सरकार को दो और दिन का समय दिया है, साथ ही यूईआर-2 पर टोल टैक्स के खिलाफ चक्का जाम को बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह फैसला रविवार को बक्करवाला गांव में आयोजित महापंचायत में दो स्थानीय विधायकों के गांव के प्रतिनिधियों से मिलने के बाद लिया गया है। पालम 360 के प्रधान सुरेन्द्र सोलंकी ने बताया कि वह एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे जो बुधवार की दोपहर को समाधान निकालने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और तीन सांसदों रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चंदोलिया और कमलजीत सहरावत से मिलेगा।

सोलंकी ने कहा कि रविवार को महापंचायत में यूईआर 2 पर टोल टैक्स के विरोध में उनके आंदोलन के बारे में भविष्य की कार्रवाई पर निर्णय लेने के लिए हजारों ग्रामीण एकत्रित हुए थे। महापंचायत में यह निर्णय लिया गया है कि उनकी समिति पहले सरकार से मिलेगी और फिर वे इस मुद्दे पर आगे की कार्रवाई के बारे में निर्णय लेंगे।

दिल्ली के गांव जो यूईआर 2 के साथ लगते हैं, ने उन पर लगाए गए टोल टैक्स का विरोध किया है और स्पष्ट कर दिया है कि वे टोल टैक्स स्वीकार नहीं करेंगे, क्योंकि अन्य राज्यों में भी स्थानीय गांवों के निवासियों से 20 किमी तक ऐसी कोई वसूली नहीं की जाती है। ज्ञात हो कि 13 सितंबर को आयोजित पिछली महापंचायत में गांवों ने निर्णय लिया था कि वे 20 सितंबर तक इंतजार करेंगे और फिर अगले दिन फिर से एक पंचायत आयोजित की जाएगी जो विरोध को तेज करने के लिए आगे की योजना तय करेगी यदि सरकार उनके मुद्दे पर विचार नहीं करती है।

प्रधान पालम-360 सोलंकी ने कहा था कि ग्रामीण टोल से खुश नहीं हैं क्योंकि दिल्ली के इतिहास में ऐसा शुल्क कभी नहीं लगाया गया है। गांव वाले इस मुद्दे पर एकजुट हो गए हैं और उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए शुल्क के बारे में अपनी नाराजगी व्यक्त की है, जबकि उन्होंने यह भी मांग की है कि अन्य स्थानों और राज्यों की तरह टोल रोड पर यू-टर्न और स्लिप रोड भी दिए जाएं। धारा सिंह, प्रधान बवाना-52, नरेश प्रधान लाडोसराय 96, अनार सिंह प्रधान टिकरी और नरेश लाकरा, सुरेंद्र डबास भी यहां आयोजित पंचायत में उपस्थित थे।

# सावन कृपाल रूहानी मिशन का आध्यात्मिक सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोगों ने लिया हिस्सा

विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु और सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख, संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में 13 से 20 सितंबर तक 29वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। 20 सितंबर को सम्मेलन के समापन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मौजूद थीं। इसके अलावा लोकसभा सांसद मनोज तिवारी, भाजपा विधायक अशोक गोयल और अन्य कई प्रसिद्ध धर्मगुरु और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने सम्मेलन के समापन सत्र आए एक विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ध्यान-अभ्यास के द्वारा इंसान के अंदर बदलाव लाया जा सकता है, जिसकी आज के समय में बहुत आवश्यकता है।

सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को अध्यात्म का मार्गदर्शक बताया और लाखों लोगों को आत्म-ज्ञान का मार्ग दिखाने के लिए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का दिल की गहराईयों से आभार व्यक्त किया।

### आने वाला समय भारत का है, पूरी दुनिया इसे देखेगी :सीएम

- महरौली में आयोजित 'विकसित भारत कला शिविर– सेवा पखवाड़ा' में सीएम ने देखी कलाकारों और बच्चों की रचनात्मकता

**नई दिल्ली।** आने वाला समय भारत का है। भारत विश्व गुरु के रूप में उभर रहा है और इसे पूरी दुनिया देखेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह विचार रविवार को 'विकसित भारत कला शिविर- सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम में व्यक्त किए। महरौली आर्कियोलॉजिकल पार्क स्थित मोहम्मद कुली खां मकबरे के निकट आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली सरकार के दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग तथा साहित्य कला परिषद ने किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक स्मारकों का संरक्षण और उन्हें सजाना-संवारना सरकार का महत्वपूर्ण कार्य है और इसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा, क्षेत्रीय विधायक गजेंद्र यादव, सचिव रश्मि सिंह व अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। इस आयोजन में लगभग 1 हजार बच्चों और 75 युवा कलाकारों द्वारा अपनी रचनात्मकता और कला का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही साहित्य कला परिषद ने सांस्कृतिक कार्यक्रम 'अनेकता में एकता' भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन भारत माता की संस्कृति और कला का एक सुंदर उत्सव है, जिसे मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 'सेवा पखवाड़े' के तहत आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर चार ऐसे स्मारक समर्पित किए गए, जिनका पुनर्स्थापन पूरी तरह किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के विजन- 'विकास भी और विरासत भी' को प्रदर्शित करता है।

### दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित की 'नमो युवा रन' मैराथन

**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को सुबह 7 बजे देशभर के 75 स्थानों पर एक साथ युवाओं को नशा मुक्ति के लिए जागरूक करने के लिए 'नमो युवा रन' का आयोजन किया गया। इस कड़ी में रविवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 'नमो युवा रन' का आयोजन किया गया। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित नमो युवा रन को सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली भाजपा सह प्रभारी डॉक्टर अलका गुर्जर एवं पद्मश्री सम्मानित एथलीट सुधा सिंह ने भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, केन्द्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी, कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल और दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी की उपस्थिति में फ्लैग ऑफ कर इस मैराथन की शुरुवात की। सांसद तिवारी ने कहा कि 'सेवा पखवाड़ा' हमारे लिए गर्व की बात है क्योंकि पीएम मोदी चाहते हैं कि उनका जन्मदिन सेवा कार्यों और नई पहलों के माध्यम से मनाया जाए।

### अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन की तैयारियों पर संपर्क अभियान

**नई दिल्ली।** आर्य समाज ने 150 वर्षों का अपना ऐतिहासिक पड़ाव 2025 में पूरा किया है, जिसे महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक रोहिणी स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में "अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन" का भव्य आयोजन होगा। दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया विदेश की 40 आर्य समाजों के प्रतिनिधियों सहित, दयानंद सेवाश्रम संघ के अंतर्गत चलने वाले विद्यालय, गुरुकुल, छात्रावास के लाखों आर्य वीर- वीरांगनाएं कार्यक्रम में भाग लेंगे। अखिल भारतीय दयानंद सेवाश्रम संघ के महासचिव जोगिंदर खट्टर के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महासम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। यहां सैकड़ों आर्य सन्यासी, बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, महर्षि के अनुयायी पर्यावरण, समाज सुधार कार्यों में भाग लेंगे। रोहिणी में आचार्य दीनबंधु शास्त्री सभा प्रधान धर्मपाल आर्य, सतीश चड्ढा सचिव आर्य केंद्रीय सभा, यज्ञों से महाउत्सव की सफलता के लिए सक्रिय हैं।

### 'नवरात्रों के अवसर पर हिंदू आस्था का करें सम्मान': खत्री

**नई दिल्ली।** नरेला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक राजकरण खत्री ने नवरात्रों के अवसर पर हिंदू आस्था का सम्मान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नवरात्रों के दौरान मां दुर्गा के भक्त उपवास और भक्ति में लीन रहते हैं, ऐसे समय में मीट की दुकानों का खुले रहना धार्मिक भावनाओं को आहत करता है। विधायक खत्री ने क्षेत्र के सभी दुकानदारों से स्वेच्छा से नवरात्रों की अवधि में मीट की दुकानों को बंद रखने की अपील की। उनका कहना है कि यह किसी पर जबरन थोपने का मामला नहीं है, बल्कि श्रद्धालुओं की भावनाओं और परंपराओं का सम्मान करने का प्रश्न है। विधायक राजकरण खत्री ने कहा कि नवरात्र केवल उपवास का ही पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन परंपराओं को संजोने का अवसर है। ऐसे में सामूहिक सहयोग से क्षेत्र का माहौल और अधिक पवित्र और धार्मिक बनेगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी इस निर्णय में सहयोग की अपील की और कहा कि आस्था के इस पर्व पर सभी को मिलकर मर्यादाओं का पालन करना चाहिए।

## 'योजनाओं का उद्घाटन धूमधाम से, पर कल्याण अधिकारियों को वेतन नहीं'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया जन्मदिवस को राजधानी दिल्ली में भाजपा की दिल्ली सरकार ने बड़े पैमाने पर उत्सव के रूप में मनाया। इस अवसर पर कई जगह आयोजन हुए और दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत नरेला स्थित 'अटल आशा आश्रय गृह' सहित अन्य कई कार्यों का भव्य शुभारंभ किया गया। इन आयोजनों में जनता को लुभाने के लिए सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं, जानकारी के मुताबिक, नरेला स्थित इस आश्रय गृह में बौद्धिक दिव्यांगों के लिए सभी तरह की सुविधाएं देने के दावे किए गए हैं और पर्याप्त संख्या में कर्मचारी, सुरक्षा व्यवस्था के लिए 27 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती भी की गई है। लेकिन, इसी उत्सव और योजनाओं की चमक-दमक के बीच सरकार की पोल खोलती हुई असली तस्वीर भी सामने आती है। वहीं, समाज कल्याण विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2008 से अनुबंध पर काम कर रहे 20 से अधिक कल्याण अधिकारियों को पिछले छ माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन से वंचित इन अधिकारियों ने दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार से वेतन की मांग के लिए पत्र लिखे, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। नाम नहीं छापने की शर्त पर समाज कल्याण विभाग के एक कल्याण अधिकारी ने बताया कि जब योजनाओं का संचालन और क्रियान्वयन करने वाले ही आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, तो जनता के लिए घोषित नई योजनाओं के सफल संचालन पर भी संकट मंडराता दिखाई दे रहा है।

# हरी नगर बहुमंजिला बस डिपो की आज रखी जाएगी आधारशिला, करीब 366 करोड़ से अधिक होगा खर्च

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

लंबे इंतजार व सरकार बदलने के बाद आखिरकार हरी नगर बस डिपो में 5 मंजिला बहुउद्देशीय डिपो का निर्माण शुरू होने जा रहा है। जिसके बाद डीटीसी के खाली खजाने में करोड़ों रुपए की अतिरिक्त आय जुड़ने लगेगी। करीब 6 एकड़ से अधिक भूमि पर प्रस्तावित इस बहुउद्देशीय डिपो का शिलान्यास नवरात्रि के प्रथम दिन सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेंगी। इस अवसर पर परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज सिंह व शहरी विकास मंत्री आशीष सूद सहित अन्य मौजूद होंगे। डीटीसी से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर निगम में स्थाई समिति का गठन न होने से हरी नगर डिपो योजना अधर में लटकी थी। लेकिन अब निगम की समिति से इसके नक्शे को मंजूरी मिल गई है जिसके बाद शिलान्यास होने जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि हरी नगर में जहां पहले करीब 100 बसें पार्क हो सकती हैं, वहीं नई योजना में यहां 5 मंजिल डिपो होगा जिसमें लगभग 330 बसों को पार्क किया जा सकेगा। इसके अलावा राजस्व बढ़ाने के लिए डिपो परिसर में 2.6 लाख वर्ग फुट से अधिक की एक बेसमेंट पार्किंग भी बनाई जाएगी जिसमें लगभग 700 गाड़ियां एक साथ पार्क की जा सकती है। डिपो में डिपो सम्बंधित वॉशिंग पिट, इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन आदि अन्य सुविधाएं भी मिलेगी। योजना के तहत डीटीसी ने इस बहु-स्तरीय बस डिपो के निर्माण के लिए एनबीसीसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर काफी पहले ही हो चुके थे। एनबीसीसी इस परियोजना की अवधारणा से लेकर कमीशनिंग तक प्रबंधन और क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अनुबंध में इसकी अनुमानित लागत करीब 366 करोड़ से अधिक है। अधिकारी ने बताया कि यह डिपो बहु-स्तरीय होगा और इसमें बसों के साथ-साथ व्यावसायिक सुविधाएँ और वाणिज्यिक स्थान भी होंगे, जिससे डीटीसी की आमदनी बढ़ेगी। डिपो के वाणिज्यिक उपयोग से जहां डीटीसी का खाली खजाना भरेगा वहीं दिल्ली वासियों को कई सुविधाएं भी मिलेगी। यहां यात्रियों के लिए खाने पीने, बैंकिंग और टिकटिंग जैसी सुविधाएं भी मिलेगी।

### आप सरकार में बनी योजना, निगम में अटकी रही थी, अब हुआ रास्ता साफ

हरी नगर डिपो के निर्माण की योजना आम आदमी पार्टी की सरकार व परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के रहते बनी थी। इस योजना के तहत डीटीसी और निर्माण कंपनी एनबीसीसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर अक्टूबर 2020 में हस्ताक्षर हुआ था और इसे 2024 में बनकर तैयार होना था। लेकिन दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति नहीं होने की वजह से योजना का नक्शा ही पास नहीं हुआ और निर्माण अधर में लटकता चला गया। अब निगम में एक बार फिर भाजपा आने के बाद स्थायी समिति गठित हुई और आखिरकार हरी नगर डिपो योजना का नक्शा पास हुआ। जिसके बाद सीएम रेखा गुप्ता 22 सितंबर 2025 को इस लंबित डिपो निर्माण का शिलान्यास करेंगी। इससे पहले बसंत विहार डिपो का निर्माण अगस्त 2024 में शुरू हो चुका है।

### जल्द ही बंदा बहादुर मार्ग और सुखदेव विहार डिपो का भी शुरू होगा निर्माण

डीटीसी की बंदा बहादुर मार्ग और सुखदेव विहार डिपो योजना भी आगे बढ़ रही है। इस योजना पर ने पिछले वर्ष अक्टूबर महीने में प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इन दोनों योजनाओं के साकार होने के बाद डीटीसी को करीब 2600 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा जिसका उपयोग परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाएगा। वहीं इन दोनों योजनाओं के बाद अगला नंबर आईपी डिपो का होने जा रहा है जिसे डीटीसी ने अपनी अगली योजना में शामिल किया है।



## खबर संक्षेप

### सिल्ली चुराने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फैक्ट्री से जिंक व स्टील की सिल्ली चुराने के मामलें में क्राईम ब्रांच सेक्टर-85 ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जसविंद्र निवासी ने पुलिस चौकी आईएमटी सेक्टर-68 में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि सेक्टर 68 एक में फैक्टरी चलाता है। 30/1 जुलाई की रात को नामालूम ने फैक्टरी का ताला तोड़कर 980 किलोग्राम जिंक व स्टील की सिल्लीयां चुरा ली।

### कार्यशाला में एनजीओ के प्रतिभागियों ने भाग लिया



**फरीदाबाद।** हरियाणा फोर्सेज ने फरीदाबाद में गैर-सरकारी संगठनों के लिए दो दिवसीय परिप्रेक्ष्य निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में हरियाणा के 13 जिलों से 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हरियाणा फोर्सज की संयोजक दीपा बजाज ने किया। संस्था की संयोजक दीपा बजाज ने कार्यक्रम का संचालन किया और संस्था की उपलब्धियां से कार्यक्रम में मौजूद लोगों को अवगत कराया।

### मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित




**फरीदाबाद।** औद्योगिक नगरी फरीदाबाद की सबसे पुरानी पूर्वांचल की संस्था भोजपुरी अवधी समाज द्वारा भव्य समारोह का आयोजन कर सरकारी स्कूल की 21 मेधावी छात्राओं को आर्थिक सहायता भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रत्येक छात्रा को 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और मेहनत को सराहा गया। मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कार्यक्रम में शिरकत करनी थी।

यह घोषणा केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक कार्यक्रम के दौरान की

# इंडिया एआई मिशन के तहत भारतजेन को अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

इंडिया एआई मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से भारतजेन की सॉवरेन एआई फ्लैगशिप पहल, को 988.6 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ है। यह घोषणा केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक कार्यक्रम के दौरान की। आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर गणेश रामकृष्णन, प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर ने कहा कि यह आवंटन भारतजेन को अपने फाउंडेशनल मॉडल्स को आगे बढ़ाने, भारत की एआई अवसंरचना को मजबूत करने, एंटरप्राइज एडॉप्शन को गति देने और हमारे सॉवरेन एआई स्टैक के माध्यम से डेवलपर्स को सशक्त बनाने में मदद करेगा।




## भारतजेन वैश्विक स्तर पर भारत की सॉवरेन एआई के रूप अपनी छाप छोड़ेगा

यह सुनिश्चित करेगा कि देश की विविध भाषाई और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में समावेशी पहुंच उपलब्ध हो। वहीं भारतजेन के कार्यकारी उपाध्यक्ष, ऋषि बाल ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा किया गया यह आवंटन भारत की इस दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है कि हम बड़े पैमाने पर सॉवरेन एआई का निर्माण करेंगे। भारतजेन के साथ, हम उस एआई इकोसिस्टम की नींव रख रहे हैं जो हमारे देश की विविधता को दर्शाता है और साथ ही वैश्विक तकनीकी परिदृश्य में भारत की अग्रणी स्थिति को भी मजबूत करता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव, प्रो. अभय करंदीकर ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग इस क्रांतिकारी यात्रा का हिस्सा बनकर गर्व महसूस करता है।

हमें पूरा विश्वास है कि 'पूरे सरकार' के इस दृष्टिकोण के साथ भारतजेन और भी उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होगा। आईआईटी बॉम्बे के निदेशक प्रोफेसर केदारे ने कहा कि हम भारतजेन को एक राष्ट्रीय सॉवरेन एआई इकोसिस्टम के रूप में होस्ट करने पर बेहद प्रसन्न हैं, जो अकादमिक और उद्योग जगत के बीच एक सेतु का काम करता है। टीम भारतजेन के नेतृत्व प्रो. गणेश रामकृष्णन और ऋषि बाल की बदौलत आईआईटी बॉम्बे भारत की सॉवरेन एआई यात्रा में केंद्रीय भूमिका निभा रहा है। जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव कृष्णन ने कहा कि भारतजेन हमारे राष्ट्र के लिए एक सॉवरेन जेन एआई स्टैक विकसित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहा है। इंडिया एआई मिशन 988.6 करोड़ रुपए की इस फंडिंग से एक वर्ष में 1 ट्रिलियन पैरामीटर्स वाले एलएलएम मॉडल्स के निर्माण को प्रोत्साहित कर रहा है। यह अनूठा कंसोर्टियम अकादमिक शोध और वास्तविक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को प्रभावी रूप से पाटने का बेहतरीन उदाहरण है। हमें विश्वास है कि भारतजेन वैश्विक स्तर पर 'भारत की सॉवरेन एआई' के रूप में अपनी छाप छोड़ेगा।

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भव्य नमो युवा रन मैराथन का आयोजन हुआ

# नमो युवा रन केवल खेल नहीं, नशामुक्त भारत की ओर एक सामाजिक आंदोलन है:सांसद त्रिवेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर गाज़ियाबाद की ओर से रविवार को के डब्ल्यू दिल्ली-6 मॉल, राजनगर एक्सटेंशन से भव्य नमो युवा रन मैराथन का आयोजन हुआ। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री नरेंद्र कश्यप, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। 15 हजार से अधिक धावकों ने इसमें भाग लिया।

त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते हैं। यह दौड़ केवल खेल नहीं बल्कि नशामुक्त भारत की दिशा में सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की महानता का उल्लेख करते हुए कहा कि ₹जहाँ विदेशी संस्कृतियों में सत्ता के लिए पिता को कैद करने की परंपरा रही, वहीं हमारी संस्कृति में पितृपक्ष पर पूर्वजों को जल और अन्न अर्पित करने की परंपरा है।

**खास बातें**

- 15 हजार से अधिक धावकों ने मैराथन में भाग लिया
- नशामुक्त भारत की दिशा में सामाजिक आंदोलन
- पितृपक्ष पर पूर्वजों को जल और अन्न अर्पित करने की परंपरा



### मंत्री शर्मा ने कहा-युवा शक्ति ही राष्ट्र की सच्ची ताकत

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि गाजियाबाद के युवाओं की यह भागीदारी शहर की पहचान को नई दिशा देती है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सच्ची ताकत है और नशामुक्त भारत का संकल्प इसी से संभव है। राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ भारत और विकसित भारत के विजन को साकार कर रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत राय ने कहा कि सेवा पखवाड़ा में गाजियाबाद का यह आयोजन पूरे प्रदेश के लिए मिसाल है। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि युवाओं के स्वास्थ्य और अनुशासन में ही भारत का उज्ज्वल भविष्य निहित है। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि नशामुक्त भारत की इस दौड़ ने हर युवा को समाज सुधार का संदेश दिया है। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि युवाओं का यह संकल्प गाजियाबाद को पूरे प्रदेश में प्रेरणास्रोत बनाएगा।

**मैराथन राजनगर एक्सटेंशन** – रिवेरा हाइट चौक से यू-टर्न लेकर अजनारा, चार्म्स कैसल, वीवीआईपी मॉल, पीवीआर मेन रोड होते हुए दिल्ली-6 मॉल पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग पर 25 स्वागत द्वार, पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों और जलपान से धावकों का उत्साह बढ़ाया गया।

### पुरस्कार,प्रमाण पत्र प्रदान किए

**बॉयज़ कैटेगरी: प्रथम** – किशोर, द्वितीय – पंकज, तृतीय – कवित चौधरी
गर्ल्स कैटेगरी: प्रथम – एकता, द्वितीय – अलिफसा, तृतीय – ऋतिका
विजेताओं को सुधांशु त्रिवेदी, सुनील शर्मा, अतुल गर्ग, मयंक गोयल और रणजीत राय ने मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए।
कार्यक्रम की अध्यक्षता मयंक गोयल ने की। आयोजन में रणजीत राय, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, संयोजक अभिषेक पंडित, काजल त्यागी, रॉबिन तोमर, गोपाल अग्रवाल, पप्पू पहलवान, बॉबी त्यागी, संजय कांत शर्मा, रनिता सिंह, ऋचा भदौरिया और मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित पूरी टीम सक्रिय रही।

एंटी.रेबीज वैक्सीनेशन ड्राइव को लेकर बैठक का आयोजन

# सेवा पखवाड़े के तहत फरीदाबाद में एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन ड्राइव की शुरुआत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बीके-केसी रोड स्थित मेयर कैंप ऑफिस फरीदाबाद में एंटी.रेबीज वैक्सीनेशन ड्राइव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फरीदाबाद की महापौर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने की। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फरीदाबाद एवं पीपल फॉर एनिमल्स संगठन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में नगर निगम फरीदाबाद के पार्षद मनोज नासवा, एमओएच डॉ. नितेश, आईएमए फरीदाबाद के अध्यक्ष डा. राजीव गुम्बर, सचिव डॉ. अनुज ढींगड़ा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. ललित हसीजा सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक एवं विशेषज्ञ शामिल हुए। इसके अतिरिक्त पीएफए प्रतिनिधि, पब्लिक हेल्थ कंसल्टेंट्सए वेटनरी सर्जन तथा एमसीएफ अधिकारीगण ने भी भाग लिया।

इस अवसर पर आईएमए ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए नगर निगम और पीएफए एनजीओ के साथ मिलकर समुदायिक कुत्तों के लिए एंटी.रेबीज वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की। इस पहल का मुख्य उद्देश्य फरीदाबाद को रेबीज मुक्त शहर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिससे समाज सेवा और जनस्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियों को और गति मिल सके।

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत

# विधायक शर्मा ने कार्यकर्ताओं व बच्चों के साथ पीएम मोदी के बाल्यकाल और उनके जीवन पर बनी फिल्म देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा ने चलो जीते हैं फिल्म प्रधानमंत्री मोदी के बाल्यकाल की परिस्थितियों और उनके जीवन के उच्च आदर्शों को उजागर करती है का चलचित्र क्राउन इंटीरियर मॉल में देखा। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता शहर के गणमान्य जन और काफी संख्या में बच्चे भी मौजूद रहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री पंव मूलचंद शर्मा ने कहा कि यह फिल्म जो स्वामी विवेकानंद के उस विचार से प्रेरित है, वही जीते हैं, जो दूसरों के लिए जीते हैं।

केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि एक शिक्षा है, जो बच्चों और युवाओं को नैतिक मूल्योंए सेवाए करुणा और जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करती है। इस फिल्म से उन्हें यह समझने का अवसर मिलेगा कि सच्चा विद्यार्थी और नागरिक वही है, जो समाज के लिए कुछ करने की भावना रखता है। फिल्म का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में नैतिक जागरूकता, राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देना है। है। चलो जीते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाल्यकाल की परिस्थितियों पर आधारित एक आदर्श फिल्म है। यह फिल्म स्वामी विवेकानंद के विचार ही जीते हैं, जो दूसरों के लिए जीते हैं, से प्रेरित है और यह पीएम मोदी के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करती है। स्वामी विवेकानंद के विचारों का प्रभाव और उनकी सोच से प्रेरित यह फिल्म एक संदेश देती है कि जीवन का असली उद्देश्य दूसरों के लिए जीने में है। मोदी जी ने कठिनाइयों के बीच जीते हुए अपने जन्म और जीवन को सिद्ध किया है और आज प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र का नेतृत्व कर रहे हैं। पूरा इनोक्स पीवीआर भारत माता के जयकारों से गूंज उठा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को भारत को आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त करने का कार्य किया है। पीएम मोदी के जीवन से जुड़ी कुछ प्रेरणादायक झलकियां पेश की गई हैं।

जेकेएम लीला होंडा पर जीएसटी स्लैब लाभ पर गोष्ठी आयोजित

# जीएसटी कम होने से व्यापारियों का टर्नओवर बढ़ेगा: अपर आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राकेश मार्ग स्थित जेकेएम लीला होंडा शोरूम पर अपर आयुक्त ने व्यापारियों को जीएसटी स्लैब कम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीएसटी स्लैब कम होने से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में जीएसटी स्लैब कम करने पर विचार गोष्ठी जेकेएम लीला होंडा राकेश मार्ग पर संपन्न हुई।

गोष्ठी में मुख्य अतिथि अपर आयुक्त ग्रेड 1 राज्य कर विभाग मानवेंद्र सिंह थे। उन्होंने व्यापार का टर्न ओवर बढ़ेगा। मानवेन्द्र सिंह ने जीएसटी स्लैब कम होने पर व्यापार में पढ़ने वाले असर के विषय में प्रकाश डालते हुए कहा कि अब व्यापार बढ़ेगा व्यापार का टर्नओवर बढ़ेगा और सरकार को भी तकरीबन 50 करोड़ से अधिक का राजस्व



प्राप्त होगा। जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल ने बताया जीएसटी स्लैब से सामान्य नागरिक लाभान्वित होगा। बीमा क्षेत्र में जीएसटी समाप्त करने से लोगों में जीएसटी के प्रति रूझान बढ़ेगा और वह अपने स्वास्थ्य एवं भविष्य के लिए बीमा लेने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगा। दैनिक जीवन में आने वाली वस्तुएं भी सस्ती हो जाएगी। जेकेएम लीला होंडा के निदेशक योगेश सलूजा ने बताया की ऑटोमोबाइल सेक्टर में इस नवरात्रि एवं दीपावली पर बंपर सेल होने की संभावना है। इस अवसर पर अजय पटेल, श्याम किशोर शुक्ला ,हरि कुमार वर्मा, सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

एक तमंचा, 2 खोखा, दो कार बरामद हुई

# पुलिस मुठभेड़ में दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय बदमाश घायल, दो धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

स्वाट टीम ट्रांस हिंडन जोन व थाना इंदिरापुरम पुलिस ने दिल्ली - एनसीआर क्षेत्र मे चार पहिया वाहनों की चोरी करने वाले अन्तर्राज्जीय गिरोह के 2 शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। उसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा , 2 खोखा कारतूस, 2 जिन्दा कारतूस व चोरी की 2 कार फार्च्यूनर व स्विफ्ट (बिना नम्बर प्लेट लगी ) बरामद हुई।

एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि रासा होटल वसुन्धरा सेक्टर 3 के पास से चोरी की गई फोर्चूनर लीजेंडर को चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के सक्रिय सदस्य 2 चोर बिना नम्बर प्लेट की



अलग अलग गाड़ियों से जिनमें एक गाडी उपरोक्त रासा होटल वसुंधरा सेक्टर 3 के पास से चोरी की हुई फोर्चूनर लीजेंडर कार है तथा एक सफेद रंग की बिना नंबर प्लेट लगी कार को लेकर हिंडन वसुंधरा सेक्टर 1 से दिल्ली की ओर जाने वाले है व उनके पास अवैध असलाह भी है । सूचना पर थाना इंदिरापुरम पुलिस सेक्टर-1 वसुंधरा टी प्वाइंट पर चेकिंग के दौरान 2 चार पहिया गाड़ी आती हुई दिखाई दी पुलिस पार्टी द्वारा उन दोनो कार को रोकने का इशारा किया गया। तो वह दोनों कार नही रुकी तथा दोनो कार सवार बैरियरों मे टक्कर मारते हुये तेज गति से दाहिने मोड़कर वसुंधरा सेक्टर 2ए ग्राउण्ड की ओर कच्चे ऊबड़ खाबड़ रास्ते से होकर भागने लगे। जिनका पीछा किए जाने पर एक वाहन चालक ने पीछा कर रही पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी और आगे रास्ता बंद होने पर गाड़ी से उतर कर भागने लगे ।

पुलिस की जवाबी में फार्च्यूनर सवार ड्राईवर राशिद काला के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। गिरफ्तार मुजाहिद अल्वी व राशिद काला से पूछताछ की गयी तो बताया कि हम दोनों कार चोरी करते हैं और चोरी की गई कारों को अन्य राज्यों में अच्छा ग्राहक मिलने पर बेंच देते है। जो फार्चूनर कार हमसे बरामद हुई है ।

मंत्री ने तिगांव विसा क्षेत्र की दो प्रमुख सड़कों का निर्माण कराया शुरू

# तिगांव के विकास को गति देंगी नई सड़के: राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मंत्री एवं तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर ने आज दो बड़ी सड़कों को बनाने का निर्माण कार्य शुरू करवाया, जिन पर करीब 1 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत आएगी। इस अवसर पर राजेश नागर ने बताया कि तिगांव से जुन्हेडा और तिगांव से बुखारपुर जाने वाली दो मुख्य सड़कों को बनाने का काम आज से शुरू किया गया है। इन सड़कों के बनने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। जिससे बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि तीन महीने के अंदर इन सड़कों को बना दिया जाएगा।

हालांकि इन सड़कों को बनाने का एस्टीमेट बहुत पहले तैयार हो गया था और टेंडर भी हो गया था, लेकिन ग्रामीणों की मांग थी कि उनकी सड़कें इंटरलॉकिंग टाइल की ना बनाकर आरसीसी की बनवाई जाए। इसलिए हमने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए पूर्व का टेंडर रद्द कर अब नए एस्टीमेट के तहत आरसीसी की सड़कें बनाने का काम आज से शुरू हुआ है।

### मंत्री ने अधिकारियों को तैयारी के निर्देश दिए



मंत्री राजेश नागर ने बताया कि तिगांव में जबरदस्त विकास कार्य हो रहे हैं। प्रदेश की पहली मॉडर्न आईटीआई और पहला मॉडर्न संस्कृति स्कूल भी तिगांव को मिला और जल्द ही तिगांव की फिरनी को करीब पांच करोड़ की लागत से बनाने का काम जल्द शुरू होगा। इससे पहले गांव के दोनों सरकारी स्कूलों को नई इमारत मिल चुकी है। मंत्री नागर ने बताया कि खरीफ की फसल खरीद के लिए अनाज मंडियां पूरी तरह तैयार हैं और अधिकारियों को सभी प्रकार की तैयारी के निर्देश दिए जा चुके हैं। वहीं राशन की वितरण व्यवस्था के लिए सभी जिला खाद्य अधिकारी मुस्तैद हैं। इसके बावजूद कहीं कोई शिकायत पाई जाएगी तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे पूर्व मंत्री राजेश नागर ने स्थानीय बुजुर्गों के हाथ नारियल फुड़वाकर निर्माण कार्य शुरू करवाया। इस अवसर पर उप चेयरमैन पवन नागर, पार्षद अनिल पाराशर, सरपंच प्रतिनिधि वेद प्रकाश अधाना, विक्रम प्रताप सरपंच, ग्रीवेंस सदस्य दयानंद नागर, बाबा राधे अधाना, संत राज चंदीला, ईश्वर अधाना, अजब चंदीला, मास्टर दयाराम, मनोज नागर, ब्रह्म अधाना, राव नारायण सिंह, अमन नागर, अमरजीत प्रधान, परसराम अधाना, वेद प्रकाश चंदीला, रवि नंबरदार, सुरेश अधाना, रविंद्र अधाना, रेशम सरदार, धर्म प्रकाश नागर, सरपंच बृजेश, जितेंद्र चंदोलिया, सरपंच केहर सिंह, सरपंच ललित चौहान, पूर्व सरपंच राकेश, पूर्व बीडीसी मेंबर तेज सिंह अधाना, युधिष्ठिर शर्मा, पंडित हरिओम, सरपंच धर्म सिंह आदि।

हैंड वॉश अभियान का शुभारंभ

# भारतीय विद्यालय शिक्षा परिषद् एवं यमुना संरक्षण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारतीय विद्यालय शिक्षा परिषद् एवं यमुना संरक्षण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में फरीदाबाद के चौक-चौराहों, ग्रामीण चौपालों व सामुदायिक भवनों में लगी हुई महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई करने के अलावा हैंड वॉश अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसके तहत रविवार को बड़खल विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले दयाल नगर क्षेत्र में इस कार्यक्रम की शुरूआत साथ ही बच्चों को हैंड वॉश के स्टेप बता कर हैंड वॉश के लिए जागरूक करके तथा भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा को साफ-सफाई करके की। इसके बाद बाबा साहब प्रतिमा को दूध, गंगाजल, दही, जल इत्यादि पंचामृत से स्नान कराया। साथ ही साथ पुष्पमाला अर्पित की गई।

### लोगों ने परिषद की टीम का माला पहनाकर स्वागत किया



इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर तरुण अरोड़ा एडवोकेट, अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर बसपा मेयर पद की पूर्व प्रत्याशी मनसा पासवान, विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ रंजीत कुमार मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता यमुना संरक्षण परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ नरेश कुमार व जिला महासचिव सतीश कुमार के द्वारा की गई। इस अवसर पर भारतीय विद्यालय शिक्षा परिषद् व यमुना संरक्षण परिषद के चेयरमैन डा. तरूण अरोड़ा एडवोकेट ने कहा कि फरीदाबाद जिले में स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई को लेकर भारतीय विद्यालय शिक्षा परिषद् एवं यमुना संरक्षण परिषद के संयुक्त तत्वाधान अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान सभी चौक-चौराहों, ग्रामीण चौपालों व सामुदायिक केन्द्रों में स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं को साफ-सफाई व रंग रोगन कर उन्हें दुरूस्त किया जाएगा साथ ही आने वाली पीढ़ी के लिए शिला पट लगवाए ताकि वह महापुरूषों की जीवनी को जान सकें तथा बच्चों को हैंड वॉश भी बांटे। इस अवसर पर दयाल नगर क्षेत्र के लोगों ने भारतीय विद्यालय शिक्षा परिषद् एवं यमुना संरक्षण परिषद की टीम का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ बोले-

# जीएसटी रिफॉर्म से नए रोजगार का होगा सृजन पीएम मोदी का देशवासियों को दिवाली गिफ्ट

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरी झंडी दिखाकर नमो मैराथन को रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से नए रोजगार का सृजन होगा और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के उपहार के रूप में हर देश और प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म का गिफ्ट दिया है। इससे जहां एक ओर जरूरी चीजें छात्रों के लिए शिक्षण सामग्री, दूध, दही, घी, पनीर, खाने की वस्तुओं में भारी छूट दी गयी है, वहीं दूसरी ओर नशे और फिजूलखर्ची पर भारी टैक्स लगाया गया है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बाइक, कार, घर, घर पर लगने वाले स्टील, सीमेंट आदि पर भी छूट दी गयी है। यह घोषणा 3 सितंबर को जीएसटी काउंसिल ने की थी, जिसे 22 सितंबर से पूरे देश में लागू किया जा रहा है। वहीं विजयदशमी पर हर गांव, हर कस्बे और हर जिले में युवाओं को बुराई के प्रतीक पाप, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाना होगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर रविवार को नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन का शुभारंभ करते हुए कही। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे पर समाप्त हुई।

### खास

- आत्मनिर्भरता को विकसित होने की कुंजी
- जीएसटी रिफॉर्म से हर वर्ग को लाभ
- नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू,1090 चौराहे पर समाप्त

### युवा शक्ति सेवा पखवाड़ा के तहत नमो मैराथन से जुड़ रही

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अवसर पर देशवासियों से "विकसित भारत" का संकल्प लेने और पंच प्रण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि गुलामी के अंशों को समाप्त करना होगा, अपनी विरासत



का सम्मान करना होगा, सेना व वर्दीधारी बलों के प्रति आदर रखना होगा, सामाजिक समता के निर्माण के लिए कार्य करना होगा और अपने नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। यही पंच प्रण भारतवासियों को विकसित भारत की यात्रा का सारथी बनाएंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इसी प्रेरणा

### स्वस्थ समाज से ही बनता है आत्मनिर्भर समाज

आत्मनिर्भरता को विकसित होने की कुंजी बताते हुए उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर समाज स्वस्थ समाज से ही बनता है और ऐसे आयोजनों जैसे 'नमो मैराथन' से समाज को नई दिशा मिलती है। वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री ने देश में स्वास्थ्य और युवा कल्याण से जुड़े कई अभियानों को गति दी। विश्व योग दिवस को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली, 'खेलो इंडिया', 'फिट इंडिया मूवमेंट', 'सांसद खेलकूद प्रतियोगिताएं' जैसे अभियानों से युवाओं को प्रेरणा मिली। साथ ही 'मिशन रोजगार' के जरिए युवाओं के लिए अवसर सुनिश्चित किए गए। आज वही युवा शक्ति सेवा पखवाड़ा के तहत 'नमो मैराथन' से जुड़ रही है।


IndiGrid INDIA GRID TRUST ("IndiGrid")

**"सबस्टेशन, ट्रांसमिशन लाइन और सोलर में रोमांचक करियर के अवसर - हमसे जुड़ें!"**

**6 और 7 अक्टूबर को दिल्ली और भोपाल में भर्ती अभियान**

| बी यू | कार्य भूमिका | योग्यता | अनुभव | वेतन सीमा |
|---|---|---|---|---|
| सबस्टेशन | सबस्टेशन प्रभारी<br>रखरखाव इंजीनियर<br>शिफ्ट इंजीनियर<br>तकनीशियन | बीई/बी.टेक<br>बीई/बी.टेक<br>डिप्लोमा<br>आईटीआई/डिप्लोमा | 7-10 वर्ष<br>4-5 वर्ष<br>4-5 वर्ष<br>6-10 वर्ष | 12 लाख प्रतिवर्ष तक<br>6 से 9 लाख प्रतिवर्ष<br>5 लाख प्रतिवर्ष तक<br>4.5 लाख प्रतिवर्ष तक |
| संचरण लाइन | लाइन मैनेजर<br>लाइन इंजीनियर<br>प्रमुख तकनीशियन | बीई/बी.टेक<br>बीई/बी.टेक<br>आईटीआई/डिप्लोमा | 5-9 वर्ष<br>4-5 वर्ष<br>7-10 वर्ष | 7 से 10 लाख प्रतिवर्ष<br>6 से 9 लाख प्रतिवर्ष<br>5.5 लाख प्रतिवर्ष तक |
| सौर | विद्युत इंजीनियर<br>तकनीशियन | बीई/बी.टेक<br>आईटीआई | 5-8 वर्ष<br>6-10 वर्ष | 7 से 10 लाख प्रतिवर्ष<br>4.5 लाख प्रतिवर्ष तक |
| बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) | रखरखाव इंजीनियर<br>तकनीशियन | बीई/बी.टेक<br>आईटीआई/डिप्लोमा | 4-5 वर्ष<br>6-10 वर्ष | 6 से 9 लाख प्रतिवर्ष<br>4.5 लाख प्रतिवर्ष तक |

**साक्षात्कार निम्नानुसार निर्धारित है: दिन 1 (6 अक्टूबर) और दिन 2 (7 अक्टूबर)**

**दिन 1:** तकनीशियन, फिटर, लीड तकनीशियन (सबस्टेशन, ट्रांसमिशन लाइन और सौर)

**दिन 2:** शिफ्ट इंजीनियर, रखरखाव इंजीनियर, लाइन मैनेजर, लाइन इंजीनियर, इंजीनियर/सीनियर इंजीनियर-सोलर

**साक्षात्कार का समय:** सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक। **साक्षात्कार स्थल: (दिल्ली)**-इंडिग्रिड कार्यालय, पाँचवीं मंजिल, जेएमडी गैलेरिया, सोहना रोड-48, गुड़गांव, हरियाणा-122018

**साक्षात्कार का समय:** सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक। **साक्षात्कार स्थल: (भोपाल)** - होटल श्री वाटिका, आर-51, चेतक ब्रिज के पास, जोन-1, महाराणा, भोपाल, मध्य प्रदेश-462011

**कार्यस्थल** : पूरे भारत में। **रिज्यूमे साझा किए जाने के लिए ईमेल आईडी:** careers@indigrid.com (कृपया 3 अक्टूबर 2025 तक अपना बायोडाटा साझा करें)


# मेरठ में गुर्जर महापंचायत में भारी बवाल, लाठीचार्ज

एजेंसी ▶▶ मेरठ

दौराला थाना क्षेत्र के दादरी गांव में रविवार को बुलाई गई गुर्जर महापंचायत देखते ही देखते हंगामे में बदल गई। पंचायत में गुर्जर समाज के हक, राजनीतिक भागीदारी और टिकटों में हिस्सेदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा होनी थी, लेकिन पुलिस की सख्ती से माहौल बिगड़ गया। कई प्रमुख नेताओं को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने



से पहले ही हिरासत में ले लिया। इससे आक्रोशित भीड़ उग्र हो उठी और पथराव शुरू हो गया। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। मौके से करीब 250 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### नेताओं को रास्ते में ही रोका

राष्ट्रीय गुर्जर समाज संघर्ष समिति के अध्यक्ष रविंद्र भाटी गुर्जर, अभिनव और अमित मोतला समेत कई नेताओं को पुलिस ने पंचायत स्थल से पहले ही रोककर पुलिस लाइन भेज दिया। इस कार्रवाई से नाराज समर्थकों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया। गिरफ्तारी की खबर फैलते ही मौके पर तनाव बढ़ गया।

## पेज एक का शेष

### आज से जीएसटी...

बताया कि इस सुधार से गरीब और नव-मध्यम वर्ग को "डबल बोनस" मिलेगा। दवाइयाँ, बीमा योजनाएँ और रोज़मर्रा की वस्तुएँ सस्ती होंगी। उन्होंने कहा कि माइक्रो, स्मॉल और मीडियम उद्योगों (MSMEs) को भी बड़ा फायदा होगा, जिससे उत्पादन और रोजगार दोनों में वृद्धि होगी। मोदी ने यह भी घोषणा की कि आयकर में राहत देते हुए 12 लाख रुपये तक की आय को टैक्समुक्त किया गया है। उन्होंने इसे देश के मध्यम वर्ग के लिए बड़ा तोहफ़ा बताया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "गर्व से कहो—मैं स्वदेशी खरीदता हूँ।" मोदी ने कहा कि हर नागरिक की भागीदारी से ही आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। नवरात्रि की शुरुआत पर प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि यह पर्व नई शुरुआत और नए संकल्पों का प्रतीक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए जीएसटी सुधारों से देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। वहीं विपक्षी दलों ने इस घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इससे राज्यों के राजस्व पर असर पड़ सकता है। हालांकि, व्यापारिक वर्ग का मानना है कि टैक्स का बोझ कम होने से उपभोग और कारोबार दोनों को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री के इस संबोधन से साफ है कि केंद्र सरकार कर सुधारों को आम लोगों तक सीधे पहुँचाने के साथ-साथ घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने पर ज़ोर दे रही है।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने जीएसटी ...

अध्यक्ष ने दावा किया कि पिछले 8 वर्षों में मोदी सरकार ने जीएसटी से 55 लाख करोड़ से ज़्यादा वसूले, जबकि अब "2.5 लाख करोड़ के बचत उत्सव" की घोषणा कर जनता को मामूली राहत देने की बात की जा रही है। उन्होंने कहा, "जनता को गहरे घाव देने के बाद मामूली बैंड-ऐड लगाने का दिखावा किया जा रहा है। मोदी सरकार ने दाल, चावल, अनाज, पेंसिल, किताबें, इलाज और किसानों के ट्रैक्टर तक पर जीएसटी लगाया। आज बचत उत्सव का नारा देने के बजाय सरकार को देश की जनता से माफ़ी माँगनी चाहिए।" खरगे ने इस घोषणा को चुनावी जुमला बताते हुए कहा कि जनता अब गुमराह नहीं होगी और मोदी सरकार को इसका जवाब चुनाव में देगी।

### 4 घंटे 23 मिनट....

रहेगा और भारत में दिखाई दिया। इसी वजह से इसका सूतक काल मान्य नहीं हुआ। बता दें जब चंद्रमा पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए सूर्य और पृथ्वी के बीच आ जाता है, तो कुछ क्षणों के लिए सूर्य की रोशनी पृथ्वी तक नहीं पहुंच पाती है। इस खगोलीय घटना को ही सूर्य ग्रहण कहा जाता है। 15 दिनों में लगातार दो ग्रहण पड़ना बेहद दुर्लभ है। इससे पहले ऐसा संयोग 122 साल पहले बना था। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार भक्तजन नवरात्र के शुभारंभ में बिना किसी चिंता के माता दुर्गा की पूजा-अर्चना कर सकेंगे।

### मुख्यमंत्री नायब ने प्रादेशिक...

स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है। यह परियोजना आने वाले वर्षों में विकसित भारत-विकसित हरियाणा के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी। यह एक ऐसी परियोजना है, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच के फासले को कम करेगी, लोगों को बेहतर संपर्क सुविधा देगी तथा प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक व व्यावसायिक धारा को और गति देगी। इस परियोजना के तहत आज 410 सड़कों की मरम्मत एवं सुधार कार्य का शुभारंभ हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित 8शेष पेज 5 पर

### मुख्यमंत्री नायब ने...

कर रही है कि कोई भी ठेकेदार या अधिकारी ढांचागत निर्माण में लापरवाही न करे, जहां कहीं भी निर्माण में गुणवत्ता की शिकायत मिलेगी, वहां कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह जनता का पैसा है और इसका हर पैसा जनता के भले में ही खर्च होना चाहिए। लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि इस परियोजना के तहत पीडब्ल्यूडी विभाग, मार्केटिंग बोर्ड, एचएसवीपी, एचएसआईडीसी इत्यादि की सभी सड़कों का उत्थान किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक सावित्री जिंदल, विधायक रणधीर पनिहार, विनोद भ्याणा, पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, पूर्व मंत्री अनूप धानक, पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स और लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**पिछले 11 वर्षों में प्रदेश 43,703 किलोमीटर लंबी सड़कों का हुआ सुधार :** सैनी ने कहा कि प्रदेश में पिछले 11 वर्षों में 28,651 करोड़ रुपये की लागत से 43,703 किलोमीटर लंबी सड़कों का सुधार किया है। इसके साथ ही, 2,534 करोड़ रुपये की लागत से 2,417 किलोमीटर लंबी नई सड़कों का निर्माण भी किया है। इनके अलावा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रदेश में 1,077 करोड़ रुपये की लागत से 2,432 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। प्रदेश में कुल 759 रेलवे क्रॉसिंग हैं। इनमें से 592 मानव संचालित तथा 167 स्वचलित हैं। पिछले 11 वर्षों में लगभग 2 हजार करोड़ रुपये की लागत से 97 रेलवे ऊपरगामी व भूमिगत पुलों का निर्माण करवाया है। इस समय 1,026 करोड़ रुपये की लागत से 47 रेलवे ऊपरगामी व भूमिगत पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर भी है। जबकि, कांग्रेस के 10 वर्ष के कार्यकाल में केवल 51 रेलवे ऊपरगामी व भूमिगत पुलों का निर्माण करवाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार ने हरियाणा में 21 नये राष्ट्रीय राजमार्ग स्वीकृत किए हैं। इनमें से 12 राजमार्ग बन चुके हैं। इनके बनने के बाद प्रदेश का कोई भी जिला ऐसा नहीं बचा है, जिसकी कनेक्टिविटी राष्ट्रीय राजमार्ग से न हो। प्रदेश में पिछले 11 वर्षों में 28,582 करोड़ रुपये की लागत से 1,719 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है। जबकि, कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल में 1 हजार 713 करोड़ रुपये की लागत से 451 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए। इतना ही नहीं, यातायात को सुगम बनाने के लिए 27 टोल टैक्स बैरियर हटाने का काम किया है।

### सांसद कुमारी सैलजा ने...

संचालन से एक ओर जहां यात्रियों को सुविधा होगी वहीं आर्थिक लाभ भी होगा। वर्तमान में यह ट्रेन कई बार खाली चलती है। यदि इसका विस्तार किया जाए तो यात्री भार बढ़ेगा और रेलवे को भी राजस्व लाभ होगा। सांसद सैलजा ने कहा कि तकनीकी दृष्टि से इस ट्रेन के विस्तार में पीएम /एसएम /आरएस/एलआर /ओवर जैसी कोई बाधा नहीं है। सांसद ने रेल मंत्री से अनुरोध किया है कि इस विषय पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निर्णय लें, ताकि इस क्षेत्र के यात्रियों को राहत मिल सके।




## चिंतन

# भारत में नवाचार को रफ्तार देगा अमेरिका का फैसला

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार भारत के साथ डबल गेम खेलने की कोशिश कर रहे हैं। एक तरफ वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोस्त बताते हैं, उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हैं और दूसरी तरफ एक के बाद एक भारत के खिलाफ फैसले ले रहे हैं। दो दिन पहले ही ट्रंप ने ईरान में भारत द्वारा बनाए जा रहे चाबहार पोर्ट पर 2018 में दी गई प्रतिबंधों से छूट को रद्द करने की घोषणा की है। यह फैसला 29 सितंबर 2025 से लागू होगा। भारत ने अभी तक वहां 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। भारत इस पोर्ट के साथ एक आर्थिक क्षेत्र बनाने व अफगानिस्तान तक रेल नेटवर्क तैयार करने पर भी काम कर रहा है। इस परियोजना को पाकिस्तान में चीन की तरफ से निर्मित गवादर पोर्ट की तुलना में भारत की महत्वाकांक्षी कनेक्टिविटी परियोजना के तौर पर देखा जाता है। इस प्रोजेक्ट के साथ उज्बेकिस्तान, तुर्केमिनस्तान व यूएई जैसे देशों को जोड़ा जा रहा है, लेकिन अमेरिका का नया कदम पोर्ट परियोजना को लेकर अनिश्चितता पैदा कर देगा। अभी ये मामला ठंडा ही नहीं पड़ा था कि ट्रंप ने शुक्रवार को एच-1बी वीजा पर 100,000 डॉलर की एनुअल फीस लगाकर उन्होंने फिर भारत को झटका दिया। इससे यह प्रोग्राम लगभग खत्म हो जाएगा। इससे भारतीयों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। अमेरिका में एच-1बी वीजा की एवरेज एनुअल सैलरी 66,000 डॉलर है। यह कदम अमेरिका के संरक्षणवादी रवैये को दर्शाता है। ट्रंप ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की बातचीत धीरे-धीरे सामान्य होने की ओर बढ़ रही थी। हाल में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच की टीम भारत दौरे पर थी। उनकी भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता सकारात्मक रही। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अब वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की अगले सप्ताह अमेरिका यात्रा पर जाने वाले हैं। वहां भारत-अमेरिकी व्यापार सरल बनाने पर चर्चा होनी है, लेकिन इससे पहले ही ट्रंप ने एच-1बी वीजा की फीस बढ़ाकर भारत पर एक बार फिर दबाव बनाने की कोशिश की है। अगर आंकड़ों को देखें तो अमेरिका हर साल 85,000 एच-1बी वीजा जारी करता है, जिनमें से लगभग 75 फीसदी भारत को मिलते हैं। ट्रंप के इस फैसले का असर भारत के आईटी इंजीनियर, डॉक्टर्स पर सबसे ज्यादा पड़ेगा। ट्रंप ने कहा है कि अब कोई भी कंपनी विदेशी कर्मचारियों को ट्रेनिंग नहीं देगी। अगर देगी तो सरकार को 100,000 डॉलर (लगभग 88 लाख रुपये) देने होंगे। फिर कर्मचारी को भुगतान करना होगा। ऐसे में यह आर्थिक रूप से सही नहीं है। अगर आप किसी को ट्रेनिंग देने जा रहे हैं तो आप अपने देश के बेहतरीन विश्वविद्यालयों से निकले हालिया ग्रेजुएट्स को ट्रेनिंग देंगे। कहा गया है कि एच-1बी प्रोग्राम के दुरुपयोग से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है। इससे अमेरिकी नागरिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने से हतोत्साहित होते हैं, लेकिन ट्रंप ने सीधे-सीधे भारत को निशाने पर रखकर ये फैसला लिया है। वो किसी भी तरह से भारत पर दबाव बनाने की कोशिशों में लगे हैं। अनेक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि ट्रंप का ये फैसला हमारे लिए फायदेमंद हो सकता है। ग्लोबल टैलेंट प्रतिबंध लगाने से लैब, पेटेंट, इनोवेशन और स्टार्टअप भारतीय शहरों की ओर चले जाएंगे, जिससे अमेरिका का नुकसान व भारत को फायदा होगा। ये कदम भारत के नवाचार को गति देगा। अब समय है कि हम अपने देश में विकास को गति दें ताकि अगली पीढ़ी को काम के लिए देश छोड़कर बाहर न जाना पड़े।

## बिहार विस चुनाव

सुशील देव



# नई पार्टियों की एंट्री बदलेगी गणित या बढ़ाएगी कंफ्यूजन

बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई है। इस बार की सबसे खास बात यह है कि कई नई राजनीतिक पार्टियां मैदान में उतर चुकी हैं। इससे न केवल राजनीतिक समीकरण बिगड़ सकते हैं बल्कि मतदाताओं के बीच असमंजस की स्थिति भी पैदा हो रही है। जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और महागठबंधन (राजद-कांग्रेस गठबंधन) चुनावी अखाड़े में प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं, वहीं इस बार नई पार्टियों की मौजूदगी ने पुराने दलों के लिए सिरदर्द बढ़ा दिया है। नई पार्टियों में सबसे ज्यादा चर्चा चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की अगुवाई वाली जन सुराज पार्टी की है जो इन दिनों बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है। जन सुराज को लंबे समय तक देशभर की राजनीति में चुनावी रणनीतियों के लिए डिजाइन किया है। अब वे खुद अपनी पार्टी के साथ मैदान में हैं। खास बात यह है कि उन्होंने बिहार की जनता के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। गांव-गांव जाकर संवाद, पदयात्रा और जनता से सीधे संपर्क के जरिए उन्होंने साफ संदेश दिया है कि उनकी राजनीति जाति और धर्म के बंधनों से परे होगी। यही वजह है कि जन सुराज पार्टी को इस बार 'गंभीर खिलाड़ी' माना जा रहा है। वहीं पुरानी राजनीति को चुनौती देने वाली स्थिति भी रोमांचक है। बिहार की राजनीति पिछले पांच दशकों से लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार और दिवंगत रामविलास पासवान जैसे बड़े नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लेकिन इस बार तस्वीर बदलती नजर आ रही है। दो प्रमुख गठबंधनों के अलावा एआईएमआईएम (असदुद्दीन ओवैसी) और आजाद समाज पार्टी (चंद्रशेखर आजाद) भी सक्रिय हैं। इससे पहले बहुजन समाज पार्टी और प्लूरल्स पार्टी (पुष्पम प्रिया चौधरी) जैसी पार्टियां भी वोट कटवा की भूमिका निभा चुकी हैं। इन नई पार्टियों की मौजूदगी से यह तय है कि पारंपरिक वोट बैंक पर सेंध लग सकती है। जातिगत राजनीति बनाम स्वच्छ राजनीति भी इन दिनों में बिहार में चर्चा का विषय बना हुआ है। ध्यान रहे कि बिहार की राजनीति जातिगत समीकरणों से हमेशा प्रभावित रही है। इस बार भी कई छोटे दल ईबीसी (अति पिछड़ा वर्ग) और ओबीसी वोटरों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। महागठबंधन का पारंपरिक मुस्लिम-यादव वोट बैंक भी सुरक्षित नहीं है, क्योंकि एआईएमआईएम जैसी पार्टियां उसी वर्ग को साधने की रणनीति बना रही हैं। दूसरी ओर एनडीए में भी पिछड़े वर्गों पर पकड़ बनाए रखने के लिए कड़ी चुनौती है। हालांकि, जन सुराज जैसी पार्टियां यह दावा कर रही हैं कि वे जाति-धर्म से ऊपर उठकर स्वच्छ राजनीति की नई शुरुआत करना चाहती हैं। यदि जनता ने इन दावों पर भरोसा किया तो यह बिहार की राजनीति के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। दिल्ली की सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी (आप) ने भी बिहार चुनाव को गंभीरता से लेने की तैयारी की है। भले ही राज्य में उसका कोई खास जनाधार न हो, लेकिन हर सीट पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान करके उसने संदेश दिया है कि वह सिर्फ मौजूदगी दर्ज कराने नहीं बल्कि सशक्त विकल्प बनने का प्रयास कर रही है। वहीं, चिराग पासवान भी इस बार आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। उन्होंने सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का इरादा जताया है। इससे न केवल एनडीए बल्कि महागठबंधन में भी असहजता है। जहां तक छोटे दलों की बात है, उनमें भी कई प्रकार से बदलाव देखे जा रहे हैं। अव्वल तो यह है कि ज्यादातर सभी सीटों से चुनाव मैदान में उतरने को आमादा हैं। बिहार में 243 विधानसभा सीटें हैं और लगभग हर सीट पर दर्जनों दावेदार नजर आते हैं। कई छोटे दल पहले से ही उम्मीदवारों का ऐलान कर चुके हैं, जबकि कुछ टिकट वितरण की प्रक्रिया में हैं। अक्सर छोटे दल चुनाव से पहले बड़ी पार्टियों के साथ अप्रत्याशित गठबंधन कर लेते हैं। कई बार उनका उद्देश्य सिर्फ एक या दो सीट जीतना नहीं बल्कि टिकट बंटवारे और गठबंधन की राजनीति से तवज्जो और पहचान हासिल करना होता है। कुछ दल तो चंदा जुटाने और अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए भी मैदान में उतरते हैं। इन सबके बीच बड़ी पार्टियों को वोट कटवा की चिंता है। नई पार्टियों की एंट्री ने जहां पुरानी पार्टियों के लिए चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, वहीं मतदाताओं के लिए विकल्पों की भरमार से कंफ्यूजन बढ़ गया है। चुनावी परिणाम चाहे जो हो, इतना तय है कि इस बार का चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा और दशा तय करने में निर्णायक साबित होगा। अगर नई पार्टियां जनता के विश्वास पर खरी उतरती हैं, तो बिहार की राजनीति में नई इबारत लिखी जाएगी। लेकिन अगर वे केवल वोट काटने तक सीमित रहीं, तो यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# समाजवाद, अहिंसा, लोककल्याण के अग्रदूत अग्रसेन महाराज



जयंती पर विशेष

ललित हीरालाल गर्ग

भारत भूमि में समय समय पर अनेकों महापुरुष अवतरित हुए है। महाराज अग्रसेन भारतीय सभ्यता के उन चिरस्थायी आदर्शों में से एक हैं, जिन्होंने समाज में समानता, अहिंसा और समुचित वितरण की भावना को जन्म दिया। युगाब्द से 22 वर्ष पूर्व ( ईसापूर्व 3124 ) द्वापर युग के अंतिम चरण में आश्विन शुक्ल प्रतिपदा को प्रतापनगर में सूर्यवंशी भगवान श्रीराम के बेटे कुश की 34वीं पीढ़ी के वंशज क्षत्रिय राजा वल्लभसेन व माता भगवतीदेवी के घर अग्रसेनजी का जन्म हुआ था। 15 वर्ष की आयु में अपने पिता राजा वल्लभसेन के साथ पांडवों की तरफ से कौरवों से महाभारत का युद्ध करते समय 10वे दिन भीष्म पितामह के बाणों से राजा वल्लभसेन को वीरगति मिलने से अग्रसेनजी प्रतापनगर के महाराज बनाये गये थे। नागकुमारी माधवी से विवाह कर उन्होंने द्वापर युग में 7 वर्षों तक प्रतापनगर में राज किया. द्वापर से कलयुग के परिवर्तन पर जब भगवान श्री कृष्ण ने अपना शरीर त्याग किया था, तब 22 वर्षीय महाराज श्री अग्रसेन ने वर्तमान हरियाणा के अग्रोहा में सरस्वती नदी के तट पर नए राज्य की स्थापना कर 101 वर्षों तक राज करने के उपरांत कुलदेवी महालक्ष्मी से परामर्श करके अपने ज्येष्ठ पुत्र विभु को शासन सौंपकर तपस्या करने चले गए और वानप्रस्थ आश्रम में तपस्या के दौरान भौतिक शरीर का परित्याग किया. उन्हें व्यापार, कृषि और समानता पर आधारित व्यवस्था लागू करने हेतु याद किया जाता है। एकबार अकाल पड़ने पर वे वेश बदल कर राज्य भ्रमण के दौरान चार सदस्यों के परिवार में गये. जो भोजन करने ही वाले थे कि अतिथि को देखकर चारो ने अपनी अपनी थाली से एक अंश निकाल कर अतिथि को परोसा। इसी से प्रेरणा लेकर महाराज अग्रसेन ने 'एक ईंट और एक रुपया' की नीति से समाज में नवआगंतुकों को आत्मनिर्भर बनाकर सामूहिक सहयोग और सामाजिक सुरक्षा की मिसाल पेश की। उस समय समाज जाति व अस्पृश्यता विहीन था तथा एक कुल से दुसरे कुल में स्वयंवर द्वारा योग्य वर का चयन कर विवाह सम्पन्न होते थे। क्षत्रिय होते हुए भी उन्होंने यज्ञों में पशु बलि का विरोध करते हुए अहिंसा का मार्ग चुना और राज्य की समृद्धि के लिए हिंसा- रहित अग्रवंश (वैश्य वर्ग) खड़ा किया।

महाराजा अग्रसेन ने अपने राज्य को 18 जनपदों (गणराज्य/राज्यांश) में विभाजित किया था और प्रत्येक गणराज्य के प्रशासनिक प्रमुख को उन्होंने अपने पुत्रवत माना था। महाराजा अग्रसेन ने अपने राज्य में लोकतांत्रिक प्रणाली की नींव भी रखी थी, जहाँ प्रत्येक जनपद से एक-एक प्रतिनिधि लेकर प्रशासन का संचालन होता था। प्रत्येक जनपद के अपने अपने गुरु थे जो ऋषि थे, वही आगे चल कर अग्रकुल कहलाए और उनके गोत्र उनके ऋषियों से ही बने।

| गणराज्य प्रमुख | गोत्र नाम | महर्षि जी का नाम |
|---|---|---|
| 1. विभु | गर्ग गोत्र | महर्षि गर्गाचार्य |
| 2. भीमदेव | गोयल गोत्र | महर्षि गोभिल |
| 3. शिवजी | गोयन गोत्र | महर्षि गौतम |
| 4. सिद्धदेव | बंसल गोत्र | महर्षि वत्स |
| 5. बासुदेव | कंसल गोत्र | महर्षि कौशिक |
| 6. बालकृष्ण | सिंघल गोत्र | महर्षि शांडिल्य |
| 7. धर्मनाम | मंगल गोत्र | महर्षि मंडव्य |
| 8. अर्जुन | जिंदल गोत्र | महर्षि जैमिन |
| 9. रणकृत | तुंगल गोत्र | महर्षि तांड्य |
| 10. गुप्तनाम | ऐरन गोत्र | महर्षि और्व |
| 11.पुष्पदेव | धारण गोत्र | महर्षि धौम्य |
| 12. माधोसेन | मधुकुल गोत्र | महर्षि मुदगल |
| 13. केशवदेव | बिंदल गोत्र | महर्षि वशिष्ठ |
| 14.भुजमान | मित्तल गोत्र | महर्षि मैत्रेय |
| 15. कंवलदेव | कुच्छल गोत्र | महर्षि कश्यप |
| 16. गुणराज | नांगल गोत्र | महर्षि नगेन्द्र |
| 17. वासगी | भंदल गोत्र | महर्षि भारद्वाज |
| 18. शिवजीभान | तायल गोत्र | महर्षि तैलंग |

उक्त 18 गोत्र मूल ऋषियों के नामों पर आधारित हैं, जो अग्रवाल समाज की पहचान हैं. विचारणीय प्रश्न यह भी है कि यदि महाराजा श्री अग्रसेन जी के 18 पुत्र थे. तब तो सभी अग्रवाल आपस में पितृकुल से जुड़े भाई बहन हो जायेंगे तो अग्रवाल आपस में विवाह सम्बंध कैसे कर सकते है. संभव है कि हम सब महाराजा श्री अग्रसेन जी के आदर्शो पर चलने वाले भिन्न भिन्न जनसमूह से हो. लोकतांत्रिक शासन, न्यायप्रिय नीति, आर्थिक समानता और शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सुविधाएँ हर नागरिक के लिए सुलभ कराने वाले अग्रसेनजी ने अपने समय में प्रजाहित को सर्वोपरि स्थान दिया। महाराज अग्रसेन के नेतृत्व में अग्रोहा राज्य व्यापार, सामाजिक समन्वय, धर्म, न्याय और समृद्धि का केंद्र बन गया था। महाराज अग्रसेन के नाम से देशभर में अस्पताल, विद्यालय, सामुदायिक भवन, धर्मशालाएँ संचालित हैं, जो उनके लोकहितकारी दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण हैं।

उनकी 5100 वीं जयंती के पावन अवसर पर 1976 में भारत सरकार द्वारा, 2016 में मालदीव द्वारा तथा 2017 में भारतीय डाक विभाग द्वारा अग्रसेन की बावली पर एक स्मारक डाक टिकिट जारी किये गये है. छत्तीसगढ़ सहित अनेक राज्य-सरकारों द्वारा उनके आदर्शो को स्वीकार कर उनके नाम पर प्रतिवर्ष रु. दो



लाख से अधिक नगद पुरस्कार प्रदान किये जा रहे है. महाराज अग्रसेन न सिर्फ एक कालजयी शासक थे, बल्कि समता, उदारता व अहिंसा के ऐसे अनुकरणीय आदर्श हैं, जिनकी प्रेरणा आज भी सामाजिक उत्थान और सद्भाव की धुरी बनी हुई है। हर वर्ष हम अग्रसेन जयंती मनाते है, लेकिन अग्रकुल संस्थापक के इतिहास को अगली पीढ़ी तक नहीं पहुचा पाते है. कार्तिक अमावस्या को दीपावली, फाल्गुन पूर्णिमा को होली, चैत्र शुक्ल तेरस को महावीर जयंती, कार्तिक पूर्णिमा को गुरुनानक जयंती, चैत्र शुक्ल नवमी को रामनवमी, भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को जन्माष्टमी और आश्विन माह शुक्ल प्रतिपदा को श्री अग्रसेन जयंती इस बात के द्योतक हैं कि हमारे सभी व्रत त्यौहार तिथि आधारित हैं ना कि ग्रेगोरियन कलेंडर के दिनांक आधारित। इन्ही त्रुटियों को दूर करने हेतु देश के जानेमाने हिंदू चिंतक एवं विचारक अग्रकुल के ही सुनील गंगाराम गर्ग द्वारा संपादित व ललित हीरालाल गर्ग के बिलासपुर आवास से हिंदू दैनंदिनी न्यास द्वारा नववर्ष चैत्र प्रतिपदा युगाब्द 5127 के पावन अवसर पर बिलासपुर से विगत पांच वर्षो से लगातार हिंदू दैनंदिनी प्रकाशित कर अग्रवंश सहित हिंदु समाज को वास्तविकता से अवगत कराने हेतु विश्व में पहली बार हिंदू तिथि को अंको में लिखने की विधि सहित सरल भाषा में तिथि, व्रत, त्यौहार, ऋतु आदि एकसाथ उपलब्ध कराकर हिंदुत्व के विलुप्त होते सद्गुणों को सहेजने व नई पीढीयों को अपने वैभवशाली इतिहास से अवगत कराने हेतु उद्यम किया जा रहा है.

### श्री श्री 1008 श्री महाराजा अग्रसेन की विशेषताए

**दो युगों के दृष्टा :** द्वापर के अंत से लेकर कलयुग में भी राज

**जाति विहीन समाज :** सूर्यवंशी होकर नागवंशी से विवाह

**अहिंसा :** पशुबलि/मांसाहार का त्याग कर शाकाहार अपनाया

**वर्ण परिवर्तन :** क्षत्रिय वर्ण को त्याग शुद्ध सात्विक वैश्य वर्ण अपनाया

**समाजवाद :** समाज से नवआगंतुकों को एक ईंट और एक रुपया दिलवाकर समकक्ष बनाना

**धर्मार्थ कार्य :** आमदनी का निश्चित हिस्सा धर्मार्थ समाज को वापस करना

**समाजसेवा :** उस दौर में वृक्षारोपण, कुएं, बावड़ी, धर्मशालाओ का निर्माण

**गोत्र व्यवस्था :** 18 पुत्रों को यज्ञ कर 18 ऋषियों के मूल गोत्र दिलवाना

**सर्वाधिक न्यायपूर्ण राज :** 7 वर्षों तक द्वापर युग में तथा 101 वर्षों तक कलयुग में कुल 108 वर्षों न्यायपूर्ण राज करने वाले एकमात्र शासक।

उपरोक्त विशेषताओं को ध्यान रखते हुए उनके वंशज (स्टेक होल्डर) होने के नाते आज हमें जाति व्यवस्था का त्याग कर केवल गोत्र उपयोग करना ना केवल ज्यादा प्रासंगिक होगा, अपितु समग्र हिंदू समाज के उत्थान में सहायक होकर पुरुष/महिला के अनुपात की कमी को दूर कर सभी के विवाह सम्बंध में सहायक भी होगा. उनकी 5149वीं जयंती पर हिंदू समाज में व्याप्त बुराइयों का त्याग कर उपरोक्त महर्षियों के गोत्र उपनाम अपनाकर जाति विहीन समरस समाज बनाकर उनके आदर्शो को अपनाना हीं उनके प्रति सही सम्मान होगा. यदि आपके मन में जाति व्यवस्था के अस्तित्व में आने के कारण, अस्पृश्यता के कारण, हिंदुत्व के वैज्ञानिक सद्गुण व काल गणना से सम्बन्धित कोई प्रश्न हो तो निसंकोच सम्पर्क करे यथासम्भव निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

# नाम जप से मिट जाते हैं बुरे कर्म



संकलित

**दर्शन**

बुरे और अच्छे कर्मों का फल मिलता ही मिलता है। आपने भी कई बार लोगों को कहते सुना होगा कि इसके कर्म ही इसे ले डुबेंगे। दरअसल हर एक कर्म का फल यही इसी जिंदगी में भोगना है लेकिन क्या बुरे कर्म को कभी पूजा-पाठ या नाम जप से खत्म किया जा सकता है? इसका जवाब वृंदावन के जाने-माने संत प्रेमानंद महाराज ने दे दिया दिया है। एक भक्त के पूछे जाने पर प्रेमानंद महाराज ने तीन तरह के कर्मों के बारे में भी बताया। साथ ही उन्होंने समझाया कि नाम जप से कौन-कौन से बुरे कर्म खत्म किए जा सकते हैं और किन कर्मों का फल हमें किसी भी हालत में भुगतना ही पड़ता है। प्रेमानंद महाराज ने कहा कि जप से बुरे कर्म तो नष्ट हो जाते हैं लेकिन वर्तमान के बुरे कर्म। जो कर्म प्रारब्ध बन गया है वो नहीं। वो भोगना पड़ेगा। इस शरीर की रचना के वक्त जो प्रारब्ध बन गया है, वो भोगना ही पड़ेगा। वो नहीं काटा जा सकता है। बड़े-बड़े संतों को भी वो भोगना पड़ता है। अब अगर हम इतना डटकर नाम जप करें तो पहले जो वर्तमान की जो गलतियां हुई हमारी इस जन्म में वो पवित्र हो जाए। फिर पूर्व जन्मों का जो संचित यानी गोदाम जमा है वो भस्म हो जाए और प्रारब्ध को भोग लें तो हम निष्पात हो जाएंगे। भोग बड़ा कार्य है। इसलिए पूरा जीवन पाप ना करते हुए, धर्म से चलते हुए एक-एक कदम सावधानी से नाम जप करते हुए तब वो निष्पात हो जाता है। निष्पात होना बहुत कठिन है क्योंकि जबसे सृष्टि हुई तबसे हमारा हिसाब-किताब चल रहा है और आज तक भजन नहीं हुआ।

# लक्ष्य पर ध्यान लगाओ



संकलित

**प्रेरणा**

स्वामी विवेकानंद अमेरिका में भ्रमण कर रहे थे। एक जगह से गुजरते हुए उन्होंने पुल पर खड़े कुछ लड़कों को नदी में तैर रहे अंडे के छिलकों पर बंदूक से निशाना लगाते देखा। किसी भी लड़के का एक भी निशाना सही नहीं लग रहा था। तब उन्होंने एक लड़के से बंदूक ली और खुद निशाना लगाने लगे। उन्होंने पहला निशाना लगाया और वह बिलकुल सही लगा। फिर एक के बाद एक उन्होंने कुल 12 निशाने लगाये और सभी बिलकुल सटीक लगे। ये देख लड़के दंग रह गए और उनसे पूछा, भला आप ये कैसे कर लेते हैं? स्वामी जी बोले, तुम जो भी कर रहे हो अपना पूरा दिमाग उसी एक काम में लगाओ। अगर तुम निशाना लगा रहे हो, तो तम्हारा पूरा ध्यान सिर्फ अपने लक्ष्य पर होना चाहिए। तब तुम कभी चूकोगे नहीं। अगर तुम अपना पाठ पढ़ रहे हो, तो सिर्फ पाठ के बारे में सोचो. मेरे देश में बच्चों को यही करना सिखाया जाता है। इधर, एक और घटना है। एक बार स्वामी विवेकानंद विदेश यात्रा पर गये थे। उनका भगवा वस्त्र और आकर्षक पगड़ी देख कर लोग अचंभित रह गये और वे यह पूछे बिना नहीं रह सके, आपका बाकी सामान कहां है? स्वामी जी बोले, मेरे पास बस यही सामान है। तो कुछ लोगों ने व्यंग्य किया, अरे! यह कैसी संस्कृति है आपकी? तन पर केवल एक भगवा चादर लपेट रखी है। कोट-पतलून जैसा कुछ भी पहनावा नहीं है? इस पर स्वामी विवेकानंद जी मुस्कुराये और बोले, हमारी संस्कृति आपकी संस्कृति से भिन्न है।

## महालय पर प्रभात फेरी



'दुर्गा पूजा' उत्सव की शुरुआत के प्रतीक 'महालय' के अवसर पर गुरुग्राम में निकाली गई 'प्रभात फेरी'।

## आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो


नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से।

*- विकास साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

# एक बार भारी आहार लेने से भी 'मेटाबॉलिज्म' व पाचन पर असर

नवरात्र शुरू हो रहे हैं और विशेषज्ञों की सलाह है कि इस दौरान उपवास करने वालों को रात्रि में अचानक भारी भोजन करने से बचना चाहिए। चिकित्सकों का मानना है कि ऐसा करना उनके 'मेटाबॉलिज्म' और पाचन तंत्र पर नकारात्मक असर डाल सकता है। आमतौर पर, नवरात्र में उपवास करने वाले श्रद्धालु दिन में फल और रात्रि में आलू-साबूदाना की खिचड़ी, सिंघाड़े के आटे का हलवा, लौकी, कद्दू, दूध, दही या पनीर इत्यादि चीजों का सेवन करते हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, नौ दिन तक खाने का यह पैटर्न नुकसानदायक साबित हो सकता है। दिनभर भोजन न करने से शरीर की ऊर्जा की जरूरत पूरी नहीं हो पाती है और शाम या रात्रि में भारी भोजन लेने से पाचन तंत्र पर दबाव पड़ता है। इससे अपच, एसिडिटी और पेट में भारीपन की शिकायत हो सकती है। दिल्ली स्थित अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के 'डायटिक्स एंड न्यूट्रिशन विभाग' की वरिष्ठ कंसलटेंट दिव्या मलिक ने कहा, नौ दिन के उपवास में दिनभर कुछ न खाना और रात्रि में एक बार भारी भोजन लेने से पाचन तंत्र पर दबाव पड़ता है। मेटाबॉलिज़्म भी धीमा पड़ सकता है क्योंकि भूखे रहने के बाद एक बार में ज्यादा खाना खाने से शरीर कैलोरी को सही तरीके से जलाने में मुश्किल महसूस करता है।



## ऑफ बीट

# मनोभ्रंश का कारण बन सकती है कम घंटों की नींद

देर रात तीन बजे आंख खुलने के बाद लगातार टकटकी लगाये छत पर लगे पंखे या घड़ी को देखते रहने से सिर्फ अगले दिन के लिए ऊर्जा कम होती है। अमेरिका में बुजुर्गों पर किए गए एक दीर्घकालिक अध्ययन में अब यह सामने आया है कि ज्यादा समय तक ये समस्या हमारे मस्तिष्क के अंदर होने वाले उन बदलावों से जुड़ी हुई है, जो मनोभ्रंश का कारण बनते हैं। अमेरिका के मेयो क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के 2,750 लोगों पर औसतन साढ़े पांच साल तक नजर रखी। अध्ययन में शामिल लोगों ने हर साल विस्तृत स्मृति जांच कराई और कई लोगों के मस्तिष्क स्कैन भी हुए, जिनसे भविष्य में संज्ञानात्मक समस्याओं के दो स्पष्ट संकेत मिले, जिनमें 'एमिलॉइड प्लेक' का निर्माण और मस्तिष्क के श्वेत पदार्थ में क्षति के छोटे-छोटे निशान शामिल हैं और इसे श्वेत पदार्थ 'हाइपरइंटेंसिटीज' भी कहते हैं। एक महीने के अंतराल पर कम से कम दो बार इस समस्या का निदान होने पर प्रतिभागियों को लंबे समय से इस समस्या से ग्रस्त माना गया। अध्ययन में पाया गया कि ये समस्या 16 प्रतिशत लोगों को प्रभावित करती थी। गहरी नींद में सोने वाले लोगों की तुलना में लंबे समय से अनिद्रा का शिकार लोगों की याददाश्त व सोचने की क्षमता में गिरावट देखी गई।



## ट्रेंड

### प्रगति की समीक्षा



लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की प्रगति की समीक्षा की। यह दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री संग्रहालय होगा। यह भारत की प्राचीन समुद्री परंपराओं को प्रदर्शित करेगा और पर्यटन, अनुसंधान, शिक्षा और कौशल विकास का केंद्र बनेगा।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### हिंसा भड़का रहा विहिप



विश्व हिंदू परिषद कौन होता है यह तय करने वाला कि कौन गरबा में जाएगा और कौन नहीं? यह सलाह सिर्फ आयोजकों को निर्देश देने तक सीमित नहीं है, बल्कि कुछ कट्टरपंथी तत्वों को हिंसा भड़काने और बल प्रयोग करने का खुला निमंत्रण है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं!

**- रामदास अठावले, केंद्रीय मंत्री**


### डल झील साफ



पिछले पांच वर्षों के दौरान, डल-निगीन झील और इसके जलग्रहण क्षेत्र के संरक्षण का काम मिशन मोड में किया गया है। डल झील साफ हुई है और बड़ी संख्या में घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित कर रही है।

**-मनोज सिन्हा, उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर**

### भाजपा की मिलीभगत



मानव-वन्य जीव संघर्ष के लिए भाजपा सरकार की अवैध कटाई करवाने की मिलीभगत ज़िम्मेदार है। जब पशुओं के सामने 'भोजन और आश्रय' का संकट आएगा तो वो हिंसक होंगे ही।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# 1.78 लाख करोड़पति परिवारों के साथ महाराष्ट्र अमीरी में सबसे ऊपर

राज्य की संपन्नता को 2020-21 से 55 फीसदी की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वृद्धि ने और मजबूती दी। अकेले मुंबई में ही 1,42,000 करोड़पति परिवार रहते हैं,जिससे यह भारत की करोड़पति राजधानी बन गई है। पूरे भारत में अब कुल 8,71,700 करोड़पति परिवार हैं और इनकी धन-दौलत 8.5 करोड़ रुपए या उससे अधिक है।

## आमची मुंबई दौलत के मामले में सबसे अव्वल

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र ने खुद को देश के अग्रणी धन सृजन केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। यह राज्य 1,78,600 करोड़पति परिवारों के साथ देश में अमीरी में सबसे ऊपर है। राज्य ने 2021 से संपत्ति के मामले में 194 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है।

यह खुलासा मर्सिडीज-बेंज हुरुन इंडिया वेल्थ रिपोर्ट 2025 में हुआ है। इसके अनुसार राज्य की संपन्नता को 2020-21 से 55 फीसदी की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वृद्धि ने और मजबूती दी। अकेले मुंबई में ही 1,42,000 करोड़पति परिवार रहते हैं,जिससे यह भारत की करोड़पति राजधानी बन गई है।

**अग्रणी धन सृजन केंद्र बना**

### मर्सिडीज-बेंज हुरुन इंडिया वेल्थ रिपोर्ट में खुलासा

राज्य की संपन्नता को 2020-21 से 55 फीसदी की जीएसडीपी ने आगे किया



**भारत में 8,71,700 करोड़पति परिवार**

पूरे भारत में अब कुल 8,71,700 करोड़पति परिवार हैं और इनकी धन-दौलत 8.5 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। संपत्ति के मामले में इस राष्ट्रव्यापी उछाल के बावजूद पैसा कुछ ही क्षेत्रों में केंद्रित है और शीर्ष 10 राज्यों में सामूहिक रूप से कुल करोड़पति परिवारों का 79 फीसदी से अधिक हिस्सा रहता है।

**मुंबई में 1,42,000 करोड़पति परिवार**

शहरों की बात की जाए तो मुंबई में 1,42,000 करोड़पति परिवार हैं, जबकि दिल्ली (68,200) और बंगलूरू (31,600) उसके बाद आते हैं। ये तीन महानगर भारत की संपत्ति सृजन की सबसे बड़ी ताकत हैं। हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद कहते हैं,एक दशक से भी कम वक्त में 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक संपत्ति वाले भारतीय परिवारों की संख्या में 445 फीसदी की भारी वृद्धि हुई है। यह उछाल दिखाता है कि कैसे धन सृजन हमारे समाज के व्यापक आधार तक पहुंच रहा है।

**दौलत के मामले में दिल्ली मालामाल**

भारत के संपत्ति के नक्शे पर 79,800 करोड़पति परिवारों के साथ दिल्ली इस सूची में दूसरे नंबर पर है। 72,600 करोड़पति परिवारों के साथ तमिलनाडु तीसरे, 68,800 करोड़पति परिवारों के साथ कर्नाटक चौथे और 68,300 करोड़पति परिवारों के साथ गुजरात पांचवे स्थान पर है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश 57,700 करोड़पति परिवारों के साथ छठे स्थान पर है, जबकि तेलंगाना 51,700 करोड़पति परिवारों के साथ उसके करीब है। पश्चिम बंगाल 50,400 परिवारों के साथ, राजस्थान 33,100 परिवार और हरियाणा 30,500 करोड़पति परिवारों के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। ये सभी राज्य मिलकर भारत के संपत्ति के नक्शे को आकार देने वाले आर्थिक समृद्धि के प्रमुख केंद्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं।


**महाराष्ट्र की जीडीपी सबसे अधिक**

भारत का सबसे अमीर राज्य महाराष्ट्र है। महाराष्ट्र की जीडीपी सबसे अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में महाराष्ट्र की जीडीपी 4,531,518 करोड़ रुपए रही है। बताया गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में महाराष्ट्र की जीडीपी 4,055,847 करोड़ रुपए थी।

## खबर संक्षेप

### हिंदुओं को बांटने की कोशिश कर रहीं ममता

**कोलकाता।** बंगाल में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है। बंगाल में विपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को सीएम ममता बेनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ममता हिंदुओं के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही हैं।



### अभिनेता मोहनलाल ने मां से लिया आशीर्वाद

**चेन्नई।** मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा के बाद से ही उनके फैंस के बीच खुशी की लहर है। मोहनलाल मां का आशीर्वाद लेने के लिए कोच्चि में अपने घर पहुंचे। कोच्चि एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया को भी संबोधित किया। कुंदनूर में फ्लैट में जाने से पहले आशीर्वाद लिया।



### कानपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में चूहे

**कानपुर।** कानपुर एयरपोर्ट पर रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहे विमान के अंदर अचानक चूहे के दिखाई देने की सूचना मिली। बताया गया कि दिल्ली से कानपुर एयरपोर्ट पर दोपहर 2:10 बजे फ्लाइट पहुंची थी और 2:50 बजे उसे दिल्ली के लिए रवाना होना था।



### सीएम ममता ने दुर्गा पूजा संस्करण का उद्घाटन किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने मुखपत्र 'जागो बांग्ला' के दुर्गा पूजा संस्करण का उद्घाटन करते हुए दुर्गा पूजा गीत 'जागो दुर्गा' गाया है। श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा सोमवार से मैं देवी की मूर्तियों का भी अनावरण करूंगी।



## जीएसटी स्लैब कम करने पर दिग्गजों ने जताया पीएम मोदी का आभार

# जीएसटी सुधार से हर वर्ग को होगा फायदा ग्राहकों तक पहुंचाएं टैक्स कटौती का 'लाभ'

### केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कटौती की सराहना की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग जगत से अपील की है कि 22 सितंबर से लागू होने जा रहे जीएसटी सुधारों का पूरा लाभ उपभोक्ताओं को मिले। टैक्स कटौती का फायदा सीधे ग्राहकों तक पहुंचना चाहिए। अब सिर्फ दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रह जाएंगे। इसके अलावा सरकार ने कई उत्पादों पर टैक्स कम किया है, जिसका सीधा फायदा आम लोगों को 22 सितंबर से मिलेगा।

वहीं, सिन और लग्जरी गुड्स पर सरकार ने 40 प्रतिशत टैक्स तय किया है। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि सुनिश्चित करें कि टैक्स कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं को मिले। इससे उद्योग जगत को भी लाभ होगा। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार व्यापार सुगमता और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। इसके तहत नई लॉजिस्टिक्स नीति, नए औद्योगिक शहरों का विकास, छोटे विवादों को अपराधमुक्त करना और उद्योगों पर अनुपालन का बोझ कम करने जैसे कदम उठाए गए हैं।

**अब सिर्फ दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रह जाएंगे**



**उद्योग संघों और मंत्रालयों के साथ बैठकें की**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने भी उद्योग संघों और मंत्रालयों के साथ बैठकें कीं, ताकि जीएसटी परिषद द्वारा घोषित दरों में कटौती को सुचारू रूप से लागू किया जा सके। उद्योगों के बीच इस बात पर सहमति बन गई है कि टैक्स कटौती का फायदा ग्राहकों तक जरूर पहुंचाया जाएगा।

**ग्राहकों तक पहुंचने लगा लाभ**

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि ऑटोमोबाइल सेक्टर जैसे कुछ उद्योग पहले ही टैक्स कटौती का फायदा ग्राहकों तक पहुंचाना शुरू कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज कई देश भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते करना चाहते हैं, जिससे व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे। इस महीने की शुरुआत में केंद्र सरकार ने व्यवसायों को निर्देश दिया था कि वे कारों और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं जैसी चीजों की अस्थायी मूल्य सूची प्रदर्शित करें, ताकि ग्राहक समझ सकें कि जीएसटी सुधारों के बाद कीमतों में कितनी कमी आई है।

**वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा**

### युवाओं को मिलेगा बड़ा फायदा रोजगार और व्यवसाय के अवसर बढ़ेंगे

केंद्र सरकार ने कहा है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से युवाओं के लिए रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर पैदा होंगे। सरकार का मानना है कि एमएसएमई और स्टार्टअप्स में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी और परिवारों व कारोबारियों पर वित्तीय बोझ कम होगा। इन सुधारों में उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है।



**पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों का इस्तेमाल बढ़ेगा**

टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल निर्माण को बढ़ावा देने के लिए लकड़ी के विकल्पों पर भी जीएसटी घटाया गया है। भूसी के बोर्ड, जिप्सम बोर्ड, सीमेंट बॉन्डेड पार्टिकल बोर्ड, जूट पार्टिकल बोर्ड, बगास बोर्ड और सिसल फाइबर बोर्ड पर टैक्स घटा है। इससे एमएसएमई को समर्थन मिलेगा और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों का इस्तेमाल बढ़ेगा।

**जिम और फिटनेस सेंटर पर जीएसटी 5 फीसदी**

फिटनेस और स्वास्थ्य सेवाओं को भी इस सुधार का लाभ मिलेगा। इसमे जीएसटी 5 फीसदी किया है।

### पीएम ने दिवाली का तोहफा दिया

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में जीएसटी काउंसिल की तरफ से नए टैक्स स्लैब बनाने और दरों को कम करने पर पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने पीएम मोदी की तरफ से दिवाली का तोहफा बताया है। सीएम योगी का कहना है कि इससे आम आदमी को बहुत ही फायदा मिलेगा। इससे हर वर्ग लाभान्वित होगा।



### तनावपूर्ण संबंधों और वीजा पर करेंगे बात?

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, क्या प्रधानमंत्री भारत-अमेरिका के बीच बढ़ते तनावपूर्ण संबंधों पर बात करेंगे? क्या एच1बी वीजा धारकों की चिंताओं का समाधान करेंगे? क्या वह करोड़ों किसानों और श्रमिकों को कुछ आश्वासन देंगे।



### 8 साल में लूटी गई रकम वापस करो: संजय

पीएम मोदी ने गिनाए जीएसटी रिफॉर्म्स के फायदे तो आप ने निशाना साधा। संजय सिंह ने कहा कि 8 सालों में जीएसटी के नाम पर देश की जनता से लूटे गए लाखों करोड़ रुपए जनता के खातों में वापस करो। स्विट्जरलैंड की घड़ी, जर्मनी का पेन, इटली का चश्मा, अमेरिका का फोन, विदेशी कार, हेलीकॉप्टर और विमान इस्तेमाल करने वाले मोदी जी आज स्वदेशी पर ज्ञान बांट रहे थे।



## चुनाव आयोग ने राज्यों को दिए निर्देश

# एसआईआर से जुड़े सारे काम 30 सितंबर तक पूरा करें



**पुरानी मतदाता सूचियों का उपयोग**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने देशभर के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया है। माना जा रहा है कि आयोग अक्टूबर-नवंबर से मतदाता सूची की सफाई और अपडेट करने की इस बड़ी कवायद की शुरुआत कर सकता है। बताया जा रहा है कि इस महीने की शुरुआत में हुई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने 10 से 15 दिन में एसआईआर लागू करने के लिए तैयार रहने को कहा था। हालांकि अब स्पष्ट डेडलाइन तय करते हुए 30 सितंबर को अंतिम तारीख घोषित किया गया है। सभी राज्यों को पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूचियां तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

कई राज्यों ने अपनी पिछली एसआईआर के बाद की मतदाता सूची पहले ही वेबसाइट पर डाल दी है। दिल्ली के सीईओ की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची मौजूद है, जब राजधानी में आखिरी बार एसआईआर हुई थी। उत्तराखंड में 2006 की मतदाता सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है। बिहार में 2003 की सूची को गहन पुनरीक्षण के आधार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

**राज्यों में मैपिंग का काम पूरा**

अधिकांश राज्यों ने 2002 से 2004 के बीच एसआईआर कराई थी। अब वहां वर्तमान मतदाताओं को उन पुरानी सूचियों से मिलान करने का काम लगभग पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग का कहना है कि बिहार के बाद यह प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी।

**आगामी चुनावों से पहले तैयारी**

बताया जा रहा है कि 2026 में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में एसआईआर प्रक्रिया इन चुनावों से पहले मतदाता सूची की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिहाज से अहम मानी जा रही है। इसके पहले सभी राज्यों में एसआईआर शुरू करने की खबर सामने आ चुकी है। जबकि विपक्षी पार्टियों ने इस पर एतराज जताया है।

## पीएम आज अरुणाचल और त्रिपुरा जाएंगे

# 5,100 करोड़ की देंगे सौगात विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी 22 सितंबर को अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा का दौरा करेंगे। वे अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में 5,100 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और एक सार्वजनिक सभा को भी संबोधित करेंगे। पीएम अरुणाचल प्रदेश की अपार जलविद्युत क्षमता का दोहन करने और सतत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 3,700 करोड़ की दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी त्रिपुरा के उदयपुर स्थित माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर परिसर के विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे। यह परियोजना पर्यटन मंत्रालय की पीआरएएसएडी योजना के तहत पूरी की गई है। माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है और त्रिपुरा के सबसे प्रमुख धार्मिक स्थलों में गिना जाता है। डिजाइन ऊपर से देखने पर कछुए की आकृति जैसा होगा।



## प्रमोद कृष्णम ने राहुल को घेरा

# सबसे बड़े चोर राहुल के दिल में,डीयू चुनाव ने सबूत दिया

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने चुनाव आयोग को भी निशाने पर लिया और भाजपा की मदद करने का आरोप लगाया है। इस बीच पूर्व कांग्रेसी नेता और कल्किधाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी को घेरा है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं ने राहुल गांधी को जवाब दे दिया है और असली चोर उनके दिल में बैठे हैं। प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी दुनिया को सबसे बड़ा चोर बताते हैं, सच बात यह है कि सबसे बड़े चोर तो उनके दिल में बैठा है। सबसे बड़ा चोर तो राहुल के दिल में है। राहुल गांधी जी को अगर गिनाई जाए, तो हिसाब देना उनके लिए बड़ा मुश्किल है। जहां तक उनके नए एजेंडे का सवाल है, दिल्ली यूनिवर्सिटी के चुनाव में उनको जवाब मिल गया, फिर भी वे नहीं मान रहे हैं।



## जुबीन को श्रद्धांजलि देती पत्नी गरिमा



**गुवाहाटी।** दिवंगत गायक जुबीन गर्ग की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग (सबसे दाएं) रविवार को गुवाहाटी स्थित अपने आवास पर उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त करती हुई।

## केंद्रीय मंत्री प्रधान ने किया ऐलान

# 11 वीं और 12 वीं के पाठ्यक्रम में शामिल होगी स्किल आधारित शिक्षा

**आईआईटी मद्रास में दक्षिणपथ समिट में कहा**

एजेंसी ⏭ चेन्नई

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को यहां आईआईटी मद्रास में दक्षिणपथ समिट 2025 में घोषणा की कि सरकार कक्षा 11 और 12 के पाठ्यक्रम में स्किल आधारित शिक्षा शामिल करने की योजना पर काम कर रही है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के अनुरूप की जा रही है। प्रधान ने कहा कि शिक्षा की परंपरागत प्रणाली केवल सर्टिफिकेट और डिग्री पर केंद्रित थी, जबकि अब छात्रों को योग्य और सक्षम बनाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि



पीएम नरेंद्र मोदी ने सही कहा है कि हमें डिग्री और सर्टिफिकेशन दोनों चाहिए, लेकिन साथ ही छात्रों को सक्षम भी बनाना होगा। इस पहल से छात्रों में व्यावहारिक कौशल, समस्या सुलझाने की क्षमता और उद्योग-आधारित दक्षताएं विकसित करने में मदद मिलेगी, जिससे उनका करियर और रोजगार की संभावनाएं बेहतर होंगी।

**आधिकारिक विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल**

प्रधान ने बताया कि उनकी मंत्रालय कक्षा 6 से ही स्किल आधारित शिक्षा को शामिल करने पर काम कर रहा है। पहले यह शिक्षा वैकल्पिक थी, लेकिन अब इसे आधिकारिक विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने एनईपी 2020 की एक मुख्य सिफारिश को उद्धृत करते हुए कहा कि स्किल आधारित शिक्षा के माध्यम से हम छात्रों को न केवल अकादमिक ज्ञान देंगे, बल्कि उन्हें व्यावहारिक और व्यावसायिक क्षमता से भी लैस करेंगे।

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने 'नमो युवा रन' में की शिरकत

# हम सभी फिट, समृद्ध, विकसित और नशामुक्त भारत बनाएं

**हजारों प्रतिभागियों ने एकजुट होकर स्वस्थ और नशामुक्त भारत का संकल्प लिया**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को 'नमो युवा रन' अभियान में हिस्सा लेते हुए कहा कि इसका उद्देश्य फिट, समृद्ध और विकसित भारत बनाना है, जो नशामुक्त हो। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को रोजाना कम से कम एक घंटा स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए देना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर यह आयोजन राष्ट्रीय सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। इस मैराथन का संकल्प नशामुक्त भारत है। इसमें विभिन्न आयु वर्ग और क्षेत्रों से आए हजारों प्रतिभागियों ने एकजुट होकर स्वस्थ और नशामुक्त भारत का संकल्प लिया।

### यह भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का हिस्सा



यह नमो युवा रन देशभर के कई शहरों में आयोजित की जा रही है। इस अभियान की शुरुआत भारतीय जनता युवा मोर्चा ने 7 सितंबर को की थी। फिटनेस आइकन और सुपरमॉडल मिलिंद सोमण को इस अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। 21 सितंबर को पूरे देश में एक साथ 100 रन आयोजित किए गए, जिनमें प्रत्येक में कम से कम 10,000 युवा प्रतिभागी शामिल हुए। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है और जो 2 अक्टूबर यानी महात्मा गांधी की जयंती तक चलेगा।

**फडणवीस ने नमो युवा रन को हरी झंडी दिखाई**

रविवार सुबह मुंबई के वर्ली स्थित कोस्टल रोड प्रोमेनेड पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मिलिंद सोमण ने नमो युवा रन को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। इस मौके पर भाजपा सांसद और भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने भी भाग लिया।

**योगी ने लखनऊ में नमो युवा रन की शुरुआत की**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में नमो युवा रन की शुरुआत की और सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विकसित भारत की परिकल्पना और स्वास्थ्य-केंद्रित पहलों पर प्रकाश डाला। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सेवा पखवाड़ा, जो पीएम मोदी के जन्मदिन से महात्मा गांधी की जयंती तक आयोजित किया जा रहा है, युवाओं की सक्रिय भागीदारी और स्वास्थ्य पर विशेष जोर देता है।

**खबर संक्षेप**

### आभूषण प्रदर्शनी में 25-30 टन की रिकॉर्ड बिक्री



**मुंबई।** अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने कहा कि चार दिन की भारत रत्न एवं आभूषण प्रदर्शनी (जीजेएस-2025) - दिवाली संस्करण - में लगभग 25-30 टन की रिकॉर्ड बिक्री हुई। 'जीजेएस का यह संस्करण वास्तव में हमारे उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक अवसर रहा है।

# एच-1बी की मार और जीएसटी में राहत, बाजार की दिशा तय करेंगे ये फैक्टर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका के एच-1बी वीजा के शुल्क को बढ़ाकर 1 लाख डॉलर करने, व्यापार वार्ता और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा, निवेशक वैश्विक बाजारों के रुझान पर भी नजर रखेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह, बाजार शुक्रवार देर रात घोषित एच-1बी वीजा पर 100,000 डॉलर का वार्षिक शुल्क लगाने के अमेरिकी फैसले पर प्रतिक्रिया देंगे। जबकि निर्यात पर निर्भर क्षेत्र पहले से ही शुल्क से संबंधित दबाव का सामना कर रहे हैं। व्यापार वार्ता चल रही है। ऐसे में इस संवेदनशील समय में यह कदम आईटी सेवा निर्यातकों पर और दबाव डाल सकता है। ब्याज दर में कटौती के बाद अमेरिकी बाजार

## वैश्विक बाजारों के रुझान पर निवेशकों की रहेगी नजर

### आउटसोर्सिंग बाजार में मुश्किलें बढ़ी

*भारत के 285 अरब डॉलर के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के लिए अपने सबसे बड़े आउटसोर्सिंग बाजार में मुश्किलें बढ़ गई हैं, क्योंकि अमेरिका ने एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को 100,000 डॉलर (लगभग 88 लाख रुपए) तक बढ़ाने का फैसला किया है। आईटी कंपनियों के शीर्ष निकाय नासकॉम ने चेतावनी दी है कि इससे 'ऑनशोर' परियोजना के लिए कारोबार की निरंतरता बाधित होगी। ऑनशोर परियोजना में संबंधित कंपनी के मुख्य परिचालन वाले क्षेत्र में रहकर सेवाएं देनी होती हैं। उल्लेखनीय है कि एच-1बी वीजा धारकों में 70 प्रतिशत से अधिक भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवर हैं।*




### आईटी निर्यातकों की आय पर असर

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, 'यह कदम (एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को 100,000 डॉलर तक बढ़ाने का अमेरिकी फैसला) अमेरिकी ग्राहकों की लागत में भारी वृद्धि कर सकता है और भारतीय प्रौद्योगिकी प्रतिभा की मांग कम कर सकता है, जिससे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और विप्रो जैसे बड़े आईटी निर्यातकों की आय पर सीधा असर पड़ेगा।'

### व्यापार वार्ता के लिए उद्योग मंत्री जाएंगे अमेरिका

शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 22 सितंबर को आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका जाएंगे। इसमें कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल आपसी लाभकारी व्यापार समझौते पर जल्द से जल्द सहमति बनाने के लिए अमेरिकी टीम के साथ चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए बातचीत करेगा। 16 सितंबर को भारत आए अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों की टीम की पिछली यात्रा के दौरान, व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई और इस संबंध में प्रयासों को और तेज करने का फैसला किया गया।

## मारुति ने अपनी कारों की कीमतों में की 1.29 लाख रुपए तक कटौती

# जीएसटी कटौती: नवरात्रि के पहले दिन से सस्ती होगी कारें, दोपहिया के घटेंगे दाम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की प्रमुख वाहन कंपनियों...मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और हुंदै मोटर इंडिया सोमवार से अपनी कारों की कीमतें कम करने जा रही हैं। आज से नवरात्रि का शुभ त्योहार शुरू हो रहा है। इससे ग्राहकों को काफी फायदा होगा। लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू के साथ-साथ दोपहिया वाहन कंपनियां भी 22 सितंबर से लागू नए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के साथ कीमतें कम करने जा रही हैं। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए अपनी कारों की कीमतों में 1.29 लाख रुपए तक की कटौती की है।

कंपनी ने दोपहिया वाहन चलाने वाले ग्राहकों को चार पहिया वाहनों खरीदने में सुगमता के लिए अपनी छोटी कारों की कीमतों में 8.5 प्रतिशत से अधिक की कटौती करने का भी फैसला किया है। प्रवेश-स्तर के मॉडल एस प्रेसो की कीमत में 1,29,600 रुपए तक की कमी होगी, ऑल्टो के 10 की कीमत में 1,07,600 रुपए तक की कमी होगी। सेलेरियो की कीमत में 94,100 रुपए की कमी होगी। वैगन-आर की कीमत में 79,600 रुपए तक की कमी होगी और इग्निस की कीमत में 71,300 रुपए तक की कमी होगी।



### साउंड बार-पार्टी स्पीकर की बढ़ेगी बिक्री

टीवी उद्योग, जिसने इस वित्त वर्ष के पहले छह महीनों (अप्रैल से सितंबर) में लगभग स्थिर बिक्री दर्ज की है। उद्योग इस सप्ताह नवरात्रि से शुरू होने वाले त्योहारों के दौरान बिक्री में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा है। इसके अलावा विनिर्माताओं को उम्मीद है कि कम कीमतों से बचत होने पर उपभोक्ता अतिरिक्त सुविधाओं वाले बड़े स्क्रीन साइज वाले टीवी खरीदेंगे। सोनी, एलजी और पैनासोनिक जैसे प्रमुख टीवी कंपनियां 22 सितंबर, 2025 से कम अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) वाली नई मूल्य सूची लेकर आई हैं। इसके अलावा, विनिर्माताओं को उम्मीद है कि इससे साउंड बार और पार्टी स्पीकर जैसे बंडल वाले उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी।



### स्विफ्ट की कीमत में 84,600 रुपए तक की कमी




प्रीमियम हैचबैक स्विफ्ट की कीमत में 84,600 रुपए तक की कमी, बलेनो की कीमत में 86,100 रुपए तक की कमी, टूर एस की कीमत में 67,200 रुपए तक की कमी, डिजायर की कीमत में 87,700 रुपए तक की कमी, फ्रोंक्स की कीमत में 1,12,600 रुपए तक की कमी, ब्रेजा की कीमत में 1,12,700 रुपए तक की कमी, ग्रैंड विटारा की कीमत में 1.07 लाख रुपए तक की कमी होगी। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, 'भारतीय बाजार में वाहन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए इससे बेहतर समय और कोई नहीं हो सकता। भारत में प्रति 1,000 लोगों में सिर्फ 34 प्रतिशत के पास कार है, जो बहुत कम है। इसलिए बाजार का अगुवा होने के नाते, हम भारत में मोटर वाहन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए यह पहल कर रहे हैं।'

### टीवी होगी ढाई से 85 हजार रुपए तक सस्ती

*माल एवं सेवा कर कटौती के बाद टेलीविजन निर्माता कीमतों में 2,500 रुपए से 85 हजार रुपये तक की कमी करने जा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं को जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ मिल सकेगा। टीवी विनिर्माताओं को सोमवार से शुरू होने वाले त्योहारी सीजन में अच्छी बिक्री की उम्मीद है। जिससे टेलीविजन और एसी, वॉशिंग मशीन जैसे कई उत्पादों की कीमतें कम हो गई हैं। 32 इंच से अधिक स्क्रीन साइज वाले टीवी सेट पर शुल्क मौजूदा के 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। टीवी विनिर्माताओं ने स्क्रीन साइज और खूबियों के आधार पर कीमतों में 2,500 रुपए से 85 हजार रुपए के बीच कटौती की घोषणा की है, जीएसटी में 10 प्रतिशत की कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा सके।*



### 98 इंच स्क्रीन साइज वाले ब्राविया टीवी होंगे सस्ते

*सोनी इंडिया अपने 43 इंच से 98 इंच स्क्रीन साइज वाले ब्राविया टीवी मॉडल पर 5,000 रुपए से 71,000 रुपए के बीच एमआरपी में कटौती कर रही है। इसने 43 इंच वाले ब्राविया 2 की कीमत 59,900 रुपए से घटाकर 54,900 रुपए और 55 इंच वाले ब्राविया 7 की कीमत 2.30 लाख रुपए से घटाकर 2.50 लाख रुपये कर दी है। इसी तरह, 98 इंच स्क्रीन साइज वाला इसका टॉप-एंड ब्राविया 5 मॉडल सोमवार से नौ लाख रुपए के मौजूदा मूल्य की तुलना में 8.29 लाख रुपए में मिलेगा। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने 43 इंच से 100 इंच स्क्रीन साइज वाले अपने टीवी सेट की कीमतों में 2,500 रुपए से 85,800 रुपए तक की कटौती की घोषणा की है। इसने 43 इंच स्क्रीन साइज वाले मॉडल की कीमत 30,990 रुपए से घटाकर 28,490 रुपए कर दी है। कंपनी ने 55 इंच और 65 इंच स्क्रीन साइज वाले दो लोकप्रिय मॉडल की कीमत 3,400 रुपए कम कर दी है, जो अब क्रमशः 42,990 रुपये और 68,490 रुपए में मिलेंगे।*

## विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों का अधिग्रहण करेगी एनटीपीसी



**नई दिल्ली।** घरेलू बिजली कंपनी एनटीपीसी अपनी भविष्य की परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों का अधिग्रहण करने की योजना बना रही है। एनटीपीसी इस समय स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में विविधता लाने की दिशा में काम कर रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, 1975 में ताप बिजली संयंत्र के रूप में स्थापित एनटीपीसी लिमिटेड (पूर्व में नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड) ने अपनी क्षमता में वृद्धि की है और साथ ही वह ऊर्जा उत्पादन के नए तरीकों में भी विविधता लेकर आई है। एनटीपीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक की समूह के स्तर पर कोयला, गैस/तरल ईंधन, जल और सौर जैसे ईंधन स्त्रोतों के आधार पर 83,026 मेगावाट की स्थापित क्षमता है। अपनी जीवाश्म ईंधन पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए कंपनी भारत में विभिन्न स्थानों पर संयुक्त उद्यम और अकेले दोनों तरीकों से परमाणु ऊर्ज संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। अधिकारी ने कहा, 'ईंधन के लिए, हम विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों के अधिग्रहण की संभावना तलाश रहे हैं। इस दिशा में विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों की संयुक्त तकनीकी-वाणिज्यिक जांच-परख के लिए हमारे बोर्ड ने यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के मसौदे को पहले ही मंजूरी दे दी है।' यूरेनियम, एक प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला धात्विक तत्व है, जिसका उपयोग परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ईंधन के रूप में किया जाता है। एनटीपीसी के जल्द ही परमाणु ऊर्जा कारोबार में उतरने की उम्मीद है। इसके लिए वह न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के साथ एक संयुक्त उद्यम 'अणुशक्ति विद्युत निगम लिमिटेड (अश्विनी)' के माध्यम से राजस्थान में 2,800 मेगावाट (मेगावाट) माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना शुरू करेगी।

### सात मूल्यवान कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.18 लाख कर

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,18,328.29 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा लाभ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती एयरटेल को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 721.53 अंक या 0.88 प्रतिशत के लाभ में रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरीसमीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, एसबीआई, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई।

### 2029-30 तक 88 अरब रुपये का होगा ऑनलाइन बाजार

**नई दिल्ली।** भारत का ऑनलाइन घरेलू सेवा बाजार 18-22 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर वित्त वर्ष 2029-30 तक 85-88 अरब रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि इस बाजार को सुविधा, विश्वसनीयता और गति की बढ़ती शहरी मांग से समर्थन मिल रहा है।

## घरों की बिक्री घटने का अनुमान ...



**नई दिल्ली।** मुंबई और पुणे में कमजोर मांग के कारण देश के नौ प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही में एक घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर एक लाख इकाई पर आ सकती है। रियल एस्टेट आंकड़ा विश्लेषक कंपनी प्रॉपइक्विटी ने जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए आवास बाजार का अनुमान जारी किया है। मानसून और श्राद्ध के कारण यह तिमाही आमतौर पर कमजोर मानी जाती है। आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर, 2025 के दौरान नौ शहरों में घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 1,00,370 इकाई रह सकती है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 1,05,081 इकाई था। मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे और पुणे में आवासीय संपत्तियों की बिक्री में गिरावट की संभावना है, जबकि दिल्ली-एनसीआर, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और कोलकाता में मांग अधिक रहने की उम्मीद है। प्रॉपइक्विटी के सीईओ समीर जसूजा ने कहा, 'हमारा मानना है कि नई पेशकश लगातार कम होने के बावजूद आवास बाजार मजबूत बना हुआ है, क्योंकि बिक्री नई पेशकश से अधिक बनी हुई है।'

### निचले ग्रेड के लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क से होगा नुकसान

नई दिल्ली। उद्योग संगठन यूसीसीआईएल ने चेताया है कि निम्न ग्रेड वाले लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क लगाने से उत्पादन, घरेलू कीमतें कम हो जाएंगी, क्षमता में दीर्घकालिक नुकसान होगा और भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा कम हो जाएगी। सरकार इस साल अक्टूबर से निचले ग्रेड वाले लौह अयस्क पर 30 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने की योजना बना रही है। उत्कल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री लिमिटेड (यूसीसीआईएल) ने एक बयान में कहा, 'निर्यात शुल्क से इस क्षेत्र में अस्थिरता पैदा होगी।

### भारत और ओमान सीईपीए पर करेंगे हस्ताक्षर

नई दिल्ली। भारत और ओमान जल्द ही व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। भारत में ओमान के राजदूत इसा सालेह अब्दुल्ला अलशिबानी ने कहा कि दोनों देश अपने व्यापार में विविधता लाने और अधिक वस्तुओं तथा सेवाओं के आदान-प्रदान के लिए यह समझौता कर रहे हैं। अलशिबानी ने कहा कि बातचीत पूरी हो चुकी है और अभी कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाएं चल रही हैं। समझौते पर हस्ताक्षर की संभावित समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'उम्मीद है हम जल्द ही समझौते पर हस्ताक्षर करने के चरण पर पहुंच जाएंगे।' सीईपीए कहे जाने वाले इस समझौते पर औपचारिक रूप से बातचीत नवंबर 2023 में शुरू हुई थी।ऐसे समझौतों में, दो व्यापार भागीदार अपने बीच व्यापार की जाने वाली अधिकांश वस्तुओं पर सीमा शुल्क में काफी कमी करते हैं या उसे समाप्त कर देते हैं। वे सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश को आकर्षित करने के लिए नियमों को भी आसान बनाते हैं। सीईपीए पर हस्ताक्षर होने के बाद द्विपक्षीय व्यापार पर प्रभाव के बारे में, भारत में ओमान के राजदूत ने कहा, 'हमने देखा है।

I, Sanjay Gupta, S/o Sh. Bitton Gupta, R/o 55, Tarun Enclave, Pitampura, North West Delhi–110034, hereby declare that I have disowned my son Rohit Gupta, S/o Sanjay Gupta, R/o 55, Tarun Enclave, Pitampura, North West Delhi–110034, from all my movable and immovable properties. I shall not be responsible for his acts, cealings, or liabilities. Anyone dealing with him shall do so at his own risk.
Sd/- Sanjay Gupta

## राशिफल

**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** — शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## इस साल सोना 43.2 प्रतिशत और शेयर बाजार 5.74 प्रतिशत ही चढ़े

# चांदी ने इस साल दिया 49% रिटर्न, गोल्ड -शेयर बाजार को छोड़ा पीछे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

■ निवेश के लिहाज से अच्छी स्थिति में सिल्वर

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी और सौर तथा इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों में मजबूत औद्योगिक मांग से चांदी ने इस साल अब तक 49 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है और इस मामले में सोने और शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी है। उनका यह भी कहना है कि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता और जोखिम के बीच स्वच्छ ऊर्जा/सौर/ईवी क्षेत्र में मांग मजबूत बनी हुई है। ऐसे में कुछ सावधानियों के साथ जोखिम क्षमता के आधार पर चांदी अब भी निवेश के लिहाज से अच्छी स्थिति में है। उल्लेखनीय है कि एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) में चांदी बीते वर्ष 87,233 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो 19 सितंबर, 2025 तक 49.14 प्रतिशत उछलकर 1,30,099 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

### चांदी की कीमतों में तेजी

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, 'इस साल चांदी की कीमतों में तेज वृद्धि हुई, जिसका कारण अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख और फेडरल रिजर्व (अमेरिकी केंद्रीय बैंक) द्वारा ब्याज दर में कटौती को लेकर बढ़ती उम्मीदें थीं। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर बढ़ती भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी और सौर एवं इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों की मजबूत औद्योगिक मांग ने इस धातु को और मजबूत किया।"



उन्होंने कहा, 'इसके साथ कम आपूर्ति की स्थिति और सोने की रिकॉर्ड तेजी से भी चांदी को समर्थन मिला। वैश्विक संकेतों के अलावा, डॉलर के मुकाबले कमजोर रुपया घरेलू बाजार में चांदी को और बढ़ावा दे रहा है।' रिटर्न के लिहाज से चांदी ने सोने और शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। चांदी ने सालाना आधार पर जहां इस साल अब तक 49.14 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, वहीं सोना 43.2 प्रतिशत और शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी क्रमशः 5.74 प्रतिशत और 7.1 प्रतिशत चढ़े हैं।


### लाभ उठाने की विशिष्ट स्थिति में चांदी

चीन में नीतियों में ढील, फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती, शुल्क अनिश्चितता और वैश्विक आपूर्ति में कमी सहित सहायक वृहद आर्थिक रुझानों के साथ, चांदी सुरक्षित निवेश और आर्थिक सुधार दोनों ही विषयों से लाभ उठाने की विशिष्ट स्थिति में है।' सिल्वर इंस्टिट्यूट के अनुसार, 2025 चांदी की आपूर्ति में कमी का लगातार पांचवां साल होगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5996




**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य–5
4.प्रलय, वज्रपात–4
7.परिमाण, माप–2
8.प्लेट,तश्तरी–3
9.भीगा हुआ–2
10.वेश्या, गणिका–4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ–2
13.अपवित्र (उर्दू–3)
14.दान करने वाला–2
15.आंचल–3
17.पंख–2
19.चाहे जो भी हो –5
22.अनूठापन,विचित्रता–5
25.उम्मीद,आस–2
26.अनाशवान,अक्षय–3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म–2
29.बंदर, मर्कट–3
30.सम्मान, आदर–2
32.करामात,करिश्मा–4
34.नवीन,नव–2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म–3
37.शारीरिक ऊंचाई–2
38.भाग्य,लक–4
39.रावण,दशानन–5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या–2
2.कॉफी–3
3.तरफदारी करनेवाला–5
4.जन जाति, झुंड–3
5.वोट–2
6.बढ़ई,खाती–4
7.जो मुनासिब न हो–5
10.भाग्य (उर्दू–4)
12.प्रतिज्ञा,वचन–2
16.राजा,राजन–3
17.क्षण–2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम–2
20.रनिवास (उर्दू–3)
21.नुकसान,घाटा–2
22.रजनी, रात्रि–2
23.अनुपम,बेजोड़–4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो–5
25.आतंक फैलानेवाला–5
26.धरोहर,थाती–4
27.लक्ष्मी–2
31.निगाह,दृष्टि–3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष–3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर–2
37.टैक्स, हाथ–2

### शब्द पहेली- 5995 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | ■ | अ | ■ | त | र | ब | त | र |
| ल | ■ | त | म | स | ■ | ह | म | ला | ■ | खै |
| क | श | ■ | ■ | ल | ■ | ल | ■ | ■ | का | ल |
| ■ | ही | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | र | ■ |
| ब | द | मा | श | ■ | र | ■ | च | म | क | ना |
| ■ | ■ | ■ | ल | क्ष | ■ | सी | ना | ■ | ■ | ■ |
| र | त | ज | गा | ■ | आ | ■ | का | म | या | ब |
| ■ | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | च | ■ |
| रा | ह | ■ | ■ | म | ■ | रा | ■ | ■ | क | म |
| ह | ■ | त | ना | व | ■ | पा | य | ल | ■ | हु |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | ■ | ब | ल | वा |



# एशिया कप में भारत ने फिर चटाई पाकिस्तान को धूल

## अभिषेक का तूफानी अर्धशतक, पड़ोसी को छह विकेट से हराया




एजेंसी ▶▶ दुबई

अभिषेक शर्मा के तूफानी अर्धशतक और शुभमन गिल के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से भारत ने एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार चरण के मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। पाकिस्तान के 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने अभिषेक (74 रन, 39 गेंद, छह चौके, पांच छक्के) और गिल (47 रन, 28 गेंद, आठ चौके) के बीच पहले विकेट की 105 रन की साझेदारी की बदौलत सात गेंद शेष रहते चार विकेट पर 174 रन बनाकर जीत दर्ज की। तिलक वर्मा ने भी 19 गेंद में दो छक्कों और दो चौकों से नाबाद 30 रन की उम्दा पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से हारिस राऊफ (26 रन पर दो विकेट) और फहीम अशरफ (31 रन पर एक विकेट) ने प्रभावी गेंदबाजी की लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। लीग मैच की तरह इस बार भी भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। पाक ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान की 45 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों से 58 रन की पारी की मदद से पांच विकेट पर 171 रन बनाए। फरहान ने सईम अयूब (21) के साथ दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी भी की। मोहम्मद नवाज (21) और फहीम (नाबाद 20) ने भी उपयोगी पारियां खेली। भारत की तरफ से शिवम दुबे ने 33 रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि पंड्या (29 रन पर एक विकेट) और कुलदीप (31 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## भारत ने 4 विकेट पर 174 रन बनाए



## दुबई में भिड़े भारत और पाक, नहीं मिलाया 'हाथ'



**दुबई।** एशिया कप सुपर-4 का हाई-वोल्टेज मुकाबला रविवार को दुबई में खेला गया। मैच शुरू होने से पहले टॉस के वक्त एक बार फिर से 'नो-हैंडशेक पार्ट-2' ड्रामा देखने को मिला। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के सुपर चार मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टॉस के समय सूर्यकुमार और उनके पाकिस्तानी समकक्ष सलमान आगा ने हाथ नहीं मिलाए।

### पाक-171/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फरहान का सूर्यकुमार बो दुबे | 58 |
| फखर जमां का सैमसन बो पंड्या | 15 |
| सईम अयूब अभिषेक बो दुबे | 21 |
| हुसैन का चक्रवर्ती बो कुलदीप | 10 |
| मोहम्मद नवाज रन आउट | 21 |
| सलमान आगा नाबाद | 17 |
| फहीम अशरफ नाबाद | 20 |

अतिरिक्त: 09
कुल: 20 ओवर में पांच विकेट पर: 171 रन
विकेट पतन: 1-21, 2-93, 3-110, 4-115, 5-149
गेंदबाजी: पंड्या 3-0-29-1, बुमराह 3-0-45-0, चक्रवर्ती 4-0-25-0, कुलदीप 4-0-31-1, अक्षर 1-0-8-0, दुबे 4-0-33-2

### अभिषेक बने मैन आफ द मैच

### भारत-174/4 (18.5)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का राऊफ बो अबरार | 74 |
| शुभमन गिल बो फहीम | 47 |
| सूर्यकुमार का अबरार बो राऊफ | 00 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 30 |
| संजू सैमसन बो राऊफ | 13 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 07 |

अतिरिक्त: 03
कुल:18.5 ओवर में चार विकेट पर: 174
विकेट पतन: 1-105, 2-106, 3-123, 4-148
गेंदबाजी: शाहीन 3.5-0-40-0, अयूब 3-0-35-0, अबरार 4-0-42-1, राऊफ 4-0-26-2, फहीम 4-0-31-1

## खबर संक्षेप

### इंटर मियामी ने डीसी यूनाइटेड को हराया

**फोर्ट लॉडरडेल।** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने पहले हाफ में एक गोल करने में मदद की तथा दूसरे हाफ में दो गोल किए, जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में डीसी यूनाइटेड पर 3-2 से जीत दर्ज की। मेसी ने 66वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। इसके बाद उन्होंने 85वें मिनट में एक और गोल किया। इस तरह से इस सत्र में उनके कुल 22 गोल हो गए हैं, जो गोल्डन बूट अवॉर्ड की दौड़ में नैशविले एससी के सैम सुरिज से एक ज़्यादा है।

### पाटिल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**जयपुर।** मुंबई के अनुभवी खिलाड़ी रविंद्र पाटिल को यहां दिव्यांग क्रिकेट वार्षिक पुरस्कार समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि कर्नाटक के राजेश कन्नूर को प्लेयर ऑफ द ईयर का सम्मान मिला। दिव्यांग क्रिकेटरों की उपलब्धियों को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिए स्थापित इन पुरस्कारों में देश भर के कई खिलाड़ियों को राजस्थान दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) के सहयोग से भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के आयोजित समारोह में सम्मानित किया।

### ला सेला ओपनः 47वें स्थान पर प्रणवी, हिताशी



**एलिकांटे (स्पेन)।** प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी 2025 ला सेला ओपन में संयुक्त रूप से 47वें स्थान पर हैं। प्रवणी ने पार 72 जबकि हिताशी ने एक ओवर 73 का स्कोर बनाया। प्रणवी ने 13वें से 18वें होल के बीच दो बर्डी और दो बोगी की। हिताशी ने चार बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गईं। अन्य भारतीयों में दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत, रिद्धिमान दिलावरी और वाणी कपूर कट हासिल करने में नाकाम रहे।

### इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला 2-0 से जीती

**डबलिन।** इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम टी20 क्रिकेट मैच में रविवार को यहां आयरलैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 2-0 से जीत ली। आयरलैंड के 155 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने जोर्डन कॉक्स की 35 गेंद में 55 रन और टॉम बेनटन की 26 गेंद में नाबाद 37 की पारी की बदौलत मालाहिडे में 17 गेंद शेष रहते चार विकेट पर 155 रन बनाकर जीत दर्ज की। आयरलैंड ने इससे पहले गैरेथ डेलानी की 29 गेंद में 48 रन की पारी की बदौलत आठ विकेट पर 154 रन बनाए। शुक्रवार को दूसरा टी20 लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा था। इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की 89 रन की पारी की बदौलत पहला टी20 चार विकेट से जीता था।

### सूर्यवंशी ने केवल 22 गेंद पर 7 चौकों और 1 छक्के की मदद से खेली 38 रन की ताबड़तोड़ पारी

# अंडर-19 : सूर्यवंशी के आक्रामक तेवर से ऑस्ट्रेलिया धराशायी, भारत सात विकेट से जीता

**ब्रिसबेन।** युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी के आक्रामक तेवरों के बाद विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू और वेदांत त्रिवेदी के नाबाद अर्धशतकों से भारत अंडर-19 क्रिकेट टीम ने पहले युवा एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को सात विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के सामने 9 विकेट पर 225 रन ही बना सकी। इसके बाद मेहमान टीम ने इयान हीली ओवल में 117 गेंदे शेष रहते तीन विकेट गंवाकर आसानी से 227 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें कुंडू और त्रिवेदी क्रमशः 87 और 61 रन बनाकर नाबाद रहे।

### वैभव का दबदबा

सभी की नजरें 14 वर्षीय सूर्यवंशी पर टिकी थीं, जिन्होंने केवल 22 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 38 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। सूर्यवंशी का दबदबा इतना था कि कप्तान आयुष म्हात्रे ने उनके साथ पहले विकेट की 50 रन की साझेदारी में केवल छह रन बनाए। सूर्यवंशी को तेज गेंदबाज हेडन शिलर (59 रन पर एक विकेट) ने आउट करके ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। दो गेंद बाद चार्ल्स लैचमुंड (46 रन पर दो विकेट) ने म्हात्रे (06)को आउट कर दिया।



### त्रिवेदी और कुंडू ने की 152 रन की अटूट साझेदारी

विहान मल्होत्रा भी नौ रन बनाने के बाद लैचमुंड का शिकार बने, जिससे 10वें ओवर में भारत का स्कोर तीन विकेट पर 75 रन हो गया और ऑस्ट्रेलिया की घरेलू मैदान पर जीत की उम्मीद जगी। हालांकि त्रिवेदी और कुंडू ने चौथे विकेट के लिए 152 रन की अटूट साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और टीम को केवल 30.3 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया। कुंडू ने 74 गेंद की अपनी पारी में पांच छक्के और आठ चौके लगाए जबकि त्रिवेदी ने 69 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके लगाए। लचमुंड ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

### भारतीय मूल के जेम्स ने 68 गेंदों में बनाए 77 रन

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 230 रन के भीतर रोक दिया, जो पहले बल्लेबाजी करते हुए घरेलू टीम की उम्मीद से काफी कम था। हालांकि अगर जॉन जेम्स आक्रामक पारी नहीं खेलते तो मेजबान टीम इतने रन भी नहीं बना पाती। जेम्स ने 68 गेंदों में नाबाद 77 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम 35 रन पर चार विकेट और फिर 107 रन पर छह विकेट गंवा चुकी थी। हेनिल पटेल 38 रन पर तीन विकेट चटकाकर भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। कनिष्क चौहान (39 रन पर दो विकेट) और किशन कुमार (59 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि आरएस अंबरीश (50 रन पर एक विकेट) को एक विकेट मिला। टॉम होगन ने 81 गेंद में 41 रन की धीमी पारी खेली जबकि स्टीवन होगन ने 82 गेंद का सामना करने के बाद 39 रन ही बना सके, जिससे भारतीय गेंदबाजों की पकड़ का पता चलता है।

### पैरा बैडमिंटन

## भगत की शानदार वापसी कड़े मुकाबले में जीता गोल्ड



**नई दिल्ली।** भारत के प्रमोद भगत, सुकांत कदम और कृष्णा नागर ने चीन पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। शीर्ष पैरा शटलर प्रमोद ने 18 महीने बाद शानदार वापसी करते हुए पुरुषों के एकल एसएलडब्ल्यू3 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान से कड़ी चुनौती का सामना करते हुए प्रमोद पहला गेम 15-21 से हार गए लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-19, 21-16 से जीतकर रोमांचक मुकाबले में पहला स्थान हासिल किया। पेरिस पैरालंपिक में तीन बार डोपिंग जांच में विफल होने के कारण बाहर होने के बाद यह प्रमोद के लिए एक भावुक जीत थी, जिसने उन्हें अंतरराष्ट्रीय सर्किट में वापसी करने में मदद की। पुरुषों के युगल में उन्होंने कदम के साथ जोड़ी बनाई और इस जोड़ी ने हमवतन जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को रोमांचक फाइनल में 18-21, 22-20, 18-21 से हारकर रजत पदक जीता।


### कोरिया ओपन

## स्वियातेक ने कैटरीना को हराकर जीता खिताब



**सोल।** शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त कैटरीना एलेक्जेंड्रोवा को 1-6, 7-6 (3), 7-5 से हराकर कोरिया ओपन का खिताब जीत लिया।
स्वियातेक ने तीन घंटे तक चले इस रोमांचक मुकाबले में पांच बार सर्विस गंवाई। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक के लिए यह इस साल का तीसरा और कुल मिलाकर 25वां खिताब है। पोलैंड की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीता था और जुलाई में अपना पहला विंबलडन खिताब जीता था। डब्ल्यूटीए फाइनल में उनका रिकॉर्ड अब 25-5 हो गया है।

## बिली जीन किंग कप : फाइनल में अमेरिका, ब्रिटेन को हराया



**शेनझेन।** जेसिका पेगुला और एम्मा नवारो ने एक-एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपने एकल मैच जीते, जिससे अमेरिका ने ब्रिटेन को 2-0 से हराकर बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में अमेरिका का मुकाबला गत चैंपियन इटली से होगा। विश्व में सातवें नंबर की खिलाड़ी पेगुला ने केटी बौल्टर को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर अमेरिका की फाइनल में जगह पक्की थी। इससे पहले नवारो ने सोने कार्तल को 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। अमेरिका 18 बार यह टूर्नामेंट की जीत चुका है लेकिन 2017 के बाद से वह इसे जीतने में नाकाम रहा है। अमेरिका इससे पहले आखिरी बार 2018 में फाइनल में पहुंचा था।

## परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना चैंपियन टीम की पहचान : मूनी



**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी का मानना है कि परिस्थितियों से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाना और धैर्य बनाए रखना किसी भी चैंपियन टीम की पहचान है और आगामी महिला विश्व कप में इन गुणों की एक बार फिर परीक्षा होगी। सात बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला में अपनी इन दोनों ही खूबियों का बखूबी प्रदर्शन किया। उसने शनिवार को यहां तीसरे वनडे में 43 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली।

मूनी ने कहा, 'मुझे लगता है कि विश्व कप जीतने के लिए आपको परिस्थितियों से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाने वाली और सबसे अधिक धैर्य रखने वाली टीम बनना होगा।' भारत ने विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पलटवार किया लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में जीत हासिल की। भारत की तरफ से स्मृति मंधाना ने 63 गेंदों पर 125 रन, हरमनप्रीत कौर ने 52 और दीप्ति शर्मा ने अंत में 72 रन बनाए।

# बीसीसीआई अध्यक्ष पद की दौड़ में मन्हास दाखिल किया अपना नामांकन



**मुंबई।** दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष पद के लिए बोर्ड मुख्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। मन्हास ने 1997-98 से 2016-17 तक के अपने लंबे घरेलू करियर में 157 प्रथम श्रेणी, 130 लिस्ट ए और 91 टी20 मैच खेले। वह रोजर बिन्नी की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभालने की दौड़ में सबसे आगे हैं। बिन्नी का कार्यकाल पिछले महीने समाप्त हो गया था। नई दिल्ली में हुई एक अनौपचारिक बैठक के बाद 45 वर्षीय मन्हास का नाम सामने आया। इस बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। भा र ती य क्रिकेट बोर्ड में कुछ अन्य प्रमुख पदों को अगले रविवार को बोर्ड की वार्षिक आम बैठक के दौरान भरा जाएगा।
बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मीडिया को बताया, 'अगले कार्यकाल के लिए एक नई कार्यकारिणी गठित की जा रही है। मिथुन मन्हास पूर्व खिलाड़ी हैं और उन्हें अध्यक्ष बनाने का फैसला किया गया है। अरुण धूमल आईपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष हैं और वह इस पद पर बने रहेंगे।

### सीएबी अध्यक्ष के रूप में गांगुली की वापसी तय



**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की सोमवार को यहां होने वाली बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में निर्विरोध अध्यक्ष पद पर वापसी तय है, लेकिन उनका दूसरा कार्यकाल अधिक चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि हाल के महीनों में संघ वित्तीय अनियमितताओं और विश्वसनीयता संबंधी चिंताओं से जूझ रहा है। गांगुली के नेतृत्व वाले पूरे पैनल, बबलू कोलाय (सचिव), मदन मोहन घोष (संयुक्त सचिव), संजय दास (कोषाध्यक्ष) और अनु दत्ता (उपाध्यक्ष) का भी निर्विरोध चुना जाना तय है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष 53 वर्षीय गांगुली अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली का स्थान लेंगे, जिन्हें लोढ़ा समिति के निर्देशों के अनुसार कार्यकारी पदों पर छह साल की समय सीमा पूरी होने के बाद पद छोड़ना पड़ा था।

### फाइनल में कोरिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हारे

# चीन मास्टर्सः खिताब से चूकी सात्विक-चिराग की जोड़ी

**शेनझेन।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को एक बार फिर दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा जब वे रविवार को चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में किम वोन हो और सियो सेयुंग जेइ की कोरिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हार गए। एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी को फाइनल में अपने खिताबी सूखे को खत्म करने की उम्मीद थी लेकिन पहले गेम में 14-7 की मजबूत बढ़त बनाने बावजूद उन्हें मुकाबले में 45 मिनट में सीधे गेम में 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।



### कोरियाई टीम की अच्छी शुरुआत

कोरियाई टीम ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले गेम में 3-0 की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार दमदार स्मैश के साथ वापसी की और स्कोर 6-6 कर दिया। चिराग के नेट पर सटीक शॉट ने भारतीय जोड़ी को ब्रेक तक 11-7 की बढ़त दिला दी और जल्द ही उन्होंने इसे 14-8 कर दिया। हालांकि कुछ गलतियां हुईं। एक वीडियो चैलेंज के असफल होने से सात्विक और चिराग की लय टूटी और कोरियाई जोड़ी ने अगले नौ में से आठ अंक जीतकर स्कोर 15-15 से बराबर कर दिया।

### लगातार दूसरे फाइनल में लय में दिखी भारतीय जोड़ी

सात्विक और चिराग की जोड़ी लगातार दूसरे फाइनल में लय में दिखी। विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक जीतने और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के बाद पूरे हफ्ते भारतीय जोड़ी ने एक भी गेम नहीं गंवाया। लेकिन उन्हें मजबूत स्थिति में होने के बावजूद पहला गेम गवाने का मलाल जरूर रहेगा। किम और सियो अन्य जोड़ीदारों के साथ प्रयोग करने के बाद मौजूद सत्र में फिर से साथ आए हैं। यह जोड़ी 2025 के अपने नौवें फाइनल में खेल रही थी और पहले ही छह खिताब जीत चुकी थी, जिसमें पेरिस में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण और ऑल इंग्लैंड तथा इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 का खिताब भी शामिल है। इस मुकाबले को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण और सर्वश्रेष्ठ डिफेंस के बीच की लड़ाई माना जा रहा था और किम तथा सियो ने बेहतर धैर्य और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## एच-1बी वीजा के लिए एक लाख अमेरिकी डॉलर का नया शुल्क

# ट्रंप के नकारात्मक दृष्टिकोण का परिणाम 40 हजार ज्यादा अमेरिकन ने गंवाई नौकरी

### अमेरिका का कहना सुरक्षा की दृष्टि से ये कदम उठाया

### पुराने वीजा धारकों पर शुल्क लागू न होना राहत की बात



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एच-1बी वीजा के लिए एक लाख अमेरिकी डॉलर का नया शुल्क नए आवेदकों के लिए है और उन्हें इस शुल्क का एकमुश्त भुगतान करना होगा। वाइट हाउस ने अपने इस फैसले की वजह बताते हुए कहा कि अमेरिकी कंपनियों ने ही बड़े पैमाने पर अमेरिका के लोगों की छंटनी कर दी और उनकी जगह विदेशी कर्मचारियों को दे दी। वाइट हाउस ने कहा कि एक कंपनी को 5189 एच-1बी वीजा मिल गए तो उसने 16000 अमेरिकियों की छंटनी कर दी। एक अन्य कंपनी को 1698 एच-1बी वीजा मिले तो 2400 लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया। वाइट हाउस ने कहा कि एक अन्य कंपनी 2022 से 27000 अमेरिकियों की नौकरी छीन चुकी है।

### वीजा शुल्क पर मस्क का बदला रुख, बोले तो जंग छेड़ दूंगा

*टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क का एच1बी वीजा को लेकर पुराना बयान और फिर बदला हुआ रुख सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मस्क खुद साउथ अफ्रीका से हैं और वीजा सिस्टम की वजह से अमेरिका में रह पाए, वे पहले एच1बी वीजा के बड़े समर्थकों में गिने जाते थे। उन्होंने कहा था कि उनकी कंपनियां टेस्ला और स्पेसएक्स में काम करने वाले कई क्रिटिकल लोग इसी वीजा से आए हैं। उन्होंने 28 दिसंबर को एक्स पर लिखा था, मैं अमेरिका में हूं और मेरी कंपनियों को बनाने वाले कई अहम लोग यहां हैं, सिर्फ एच1बी की वजह से हैं। अगर इसे रोका गया तो मैं इस मसले पर जंग छेड़ दूंगा। हालांकि, कुछ ही घंटों में उन्होंने कहा कि एच1बी सिस्टम टूटा हुआ है और इसमें बड़े बदलाव की जरूरत है। मस्क ने सुझाव दिया था कि वीजा रखने वालों की न्यूनतम सैलरी बढ़ाई जाए और कंपनियों के लिए इसे बनाए रखना और महंगा किया जाए, ताकि घरेलू कर्मचारियों को प्राथमिकता मिले।*




### पूर्व राजनयिक केपी फेबियन बोले इससे प्रतिभा प्रवाह बाधित होगा



अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को एक लाख डॉलर प्रतिवर्ष तक बढ़ाने के फैसले पर भारत में गहरी चिंता जताई जा रही है। पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फेबियन ने इसे काफी नकारात्मक करार दिया है। उनका कहना है कि फिलहाल यह शर्त सिर्फ नए आवेदनों पर लागू होगी, मौजूदा वीजा धारकों को इससे राहत दी गई है। फेबियन ने कहा कि नई शर्तों के तहत केवल वे लोग प्रभावित होंगे जो अक्टूबर 2026 से नया एच-1बी वीजा लेंगे। मौजूदा धारकों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने जोड़ा कि अमेरिकी तर्क यह है कि विदेशी कर्मचारियों को रखना, अमेरिकी नागरिकों की तुलना में सस्ता पड़ता है, लेकिन कुल मिलाकर यह दृष्टिकोण गलत है और इससे प्रतिभा प्रवाह बाधित होगा।

# यूक्रेन युद्ध तो नहीं रुका लेकिन ट्रंप ने खुद के लिए मांगा नोबेल

### भारत-पाक संघर्ष का फिर किया जिक्र

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने लिए नोबेल शांति पुरस्कार की मांग की है। ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने इस साल जनवरी में अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभाला था। पदभार संभालने के बाद सिर्फ आठ महीनों में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में सात संघर्ष रोके हैं। ये संघर्ष दुनिया में एक बड़ी तबाही का सबब बन रहे थे। ऐसे में उनको शांति के नोबेल प्राइज से नवाजा जाना चाहिए।

ट्रंप ने कहा कि रूस-यूक्रेन में लड़ाई ना रुकवा पाने के बावजूद वह इस सम्मान के हकदार हैं। अमेरिकन कॉर्नरस्टोन इंस्टीट्यूट के एक कार्यक्रम में शनिवार शाम को ट्रंप ने दावा किया, मैंने हालिया महीनों में सात जंग रोकी हैं। इनमें भारत और पाकिस्तान की लड़ाई भी शामिल है, जो दोनों परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र हैं। 10 मई को भारत-पाकिस्तान के सीजफायर के बाद ट्रंप करीब 40 बार इसका श्रेय ले चुके हैं।

ट्रंप ने दावा किया कि मैंने कुछ ही महीनों में दुनिया की 7 जंग रोकी



भारत-पाक के बीच सीजफायर कराने का 40 बार दावा कर चुके ट्रंप

### हर एक सीजफायर के लिए नोबेल

*डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, टैरिफ और ट्रेड के जरिए हम सात अलग-अलग युद्धों को रोकने में कामयाब रहे हैं। हमने भारत- पाकिस्तान और थाईलैंड-कंबोडिया के बीच हो रही लड़ाई को रोककर दिखाया। अर्मीनिया और अजरबैजान कई दशकों से लड़ रहे थे। उनके बीच हमारी कोशिश से सुलह हुई। इनके अलावा कोसोवो-सर्बिया, इजरायल-ईरान, मिस्र-इथियोपिया और रवांडा-कांगो के युद्ध हमने रुकवाए हैं। दुनियाभर में जंग रुकवाने का दावा करके हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने लिए नोबेल पुरस्कार की मांग की। ट्रंप ने कहा, मुझसे कहा जा रहा है कि अगर आप रूस और यूक्रेन की जंग को रुकवा देंगे तो आपको नोबेल प्राइज मिल सकता है। मैं इससे सहमत नहीं हूं। मैं पूछता हूं कि अब तक रुकवाए गए युद्धों को नजरअंदाज क्यों किया जा रहा है। मुझे रुकवाए गए सात युद्धों में से हर एक के लिए मुझे एक नोबेल प्राइज मिलना*

### ट्रंप नोबेल के लिए बेताब

डोनाल्ड ट्रंप अपने लिए नोबेल की मांग कर रहे हैं। ट्रंप ने कई मौकों पर ये कहा है कि उनको नोबेल का शांति पुरस्कार नहीं मिलना ज्यादती है क्योंकि वह इसके सबसे ज्यादा लायक हैं। वह प्राइज ना मिलने पर अपनी नाराजगी भी जता चुके हैं। जून में अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने कहा था कि यह समझ से परे है कि उन्हें शांति का नोबेल प्राइज क्यों नहीं मिल रहा है। ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद कई मौकों पर अपने इंटरव्यू और रैलियों में नोबेल शांति पुरस्कार की बात की है।




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75001. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The HDFC Bank Instant Cashback offer is valid until 31st October 2025, while the IDFC Bank Instant cashback offer is valid until 30th September 2025. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8168971032; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666; Parkash Honda (Bhangel) - 01204796600; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Hindon Honda (Govind Puram) - 9910110017; Hindon Honda (Gadana) - 9927196125; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**